वर्ष-3, अंक-52
इन्दौर शनिवार 17 मई 2025 पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.


दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

**सुविचार**

भोजन के लिए अच्छे पदार्थों का उपलब्ध होना, उन्हें पचाने की शक्ति का होना, सुंदर स्त्री के साथ संसर्ग के लिए कामशक्ति का होना, प्रचुर धन के साथ-साथ धन देने की इच्छा होना। ये सभी सुख मनुष्य को बहुत कठिनता से प्राप्त होते हैं।



चाणक्य

## विजय शाह केसः सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 19 मई को

### प्रियंका गांधी बोलीं- अपने नेताओं को बचा रही बीजेपी; धरने पर बैठे कांग्रेस विधायक गिरफ्तार

भोपाल/दिल्ली (एजेंसी)। कर्नल सोफिया पर मंत्री विजय शाह के आपत्तिजनक बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 19 मई तक टल गई है। इधर, राजभवन के बाहर धरना दे रहे कांग्रेस विधायकों को पुलिस ने जबरन उठा दिया।



मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 19 मई तक स्थगित कर दी है। शाह ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें उन पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया था। वहीं, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने X पर लिखा- पहले मध्यप्रदेश के एक मंत्री ने महिला सैनिकों पर अभद्र टिप्पणी की और अब उनके उपमुख्यमंत्री ने सेना का घोर अपमान किया है। बीजेपी अपने इन नेताओं पर कार्रवाई करने की जगह उन्हें बचाने में पूरा जोर लगा रही है। वह ऐसा करके हमारी सेना और देशवासियों को क्या संदेश देना चाहती है?



### राज्यपाल से मिले कांग्रेस विधायक

मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को राज्यपाल से मिला। ज्ञापन सौंपकर मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग की। इसके बाद कांग्रेसी विधायक काले कपड़ों में राजभवन के बाहर धरने पर बैठ गए। बाद में उन्हें पुलिस ने जबरन उठाया और गिरफ्तार करके ले गई। हालांकि, थोड़ी देर बाद उन्हें रिहा कर दिया गया।

### प्रियंका गांधी ने लिखा- सेना का अपमान अत्यंत शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने X पर लिखा- भाजपा के नेताओं की ओर से लगातार हमारी सेना का अपमान अत्यंत शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा अपने इन नेताओं पर कार्रवाई करने की जगह उन्हें बचाने में पूरा जोर लगा रही है। वह ऐसा करके हमारी सेना और देशवासियों को क्या संदेश देना चाहती है?

## राहुल गांधी पर बिना अनुमति जनसभा करने का आरोप



दरभंगा (एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी के कई पदाधिकारियों के खिलाफ दरभंगा में निषेधाज्ञा का उल्लंघन और बिना अनुमति अनाधिकृत जनसभा आयोजित करने के आरोप में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। इन मामलों पर प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि ये सभी मेरे लिए पदक हैं। मेरे खिलाफ 30-32 मामले दर्ज हैं। दरभंगा के एसडीपीओ (सदर) ने कहा कि जिला प्रशासन ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के औपचारिक अनुरोध के बाद टाउन हॉल में कार्यक्रम आयोजित करने की लिखित अनुमति दी थी। अधिकारियों ने कहा कि अंबेडकर छात्रावास परिसर में एक अलग कार्यक्रम के लिए अनधिकृत तैयारी थी। बीजेपी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने राहुल गांधी पर दरभंगा के अंबेडकर छात्रावास में बिना अनुमति के कार्यक्रम में शामिल होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके खिलाफ केवल एफआईआर दर्ज करना पर्याप्त नहीं है उन्हें उनके कृत्यों के लिए जेल भेजा जाना चाहिए। जायसवाल ने कहा कि बिहार चाणक्य की धरती है।

## बडगाम में आतंकियों के 3 मददगार गिरफ्तार



**कश्मीर।** कश्मीर के बडगाम में आतंकियों के तीन मददगारों को गिरफ्तार किया गया है। ये तीनों लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करते थे। ये लोग इलाके में टेरर एक्टिविटीज में शामिल थे और युवाओं को आतंकवाद की तरफ मोड़ते थे। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में हुए दो एनकाउंटर में छह आतंकवादी ढेर किए गए। सेना-पुलिस ने शुक्रवार को जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि, कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन जारी है।त्राल और शोपियां में 2 एनकाउंटर में आतंकी मारे गए। एक ऑपरेशन ऊंचे पहाड़ी इलाकों में हुआ, एक ऑपरेशन गांव में हुआ। सुरक्षाबलों ने सावधानी से दोनों जगह टेररिस्ट को मारा। सेना ने कहा- सभी सिक्योरिटी फोर्सेस के बीच का कोऑर्डिनेशन अच्छा था और ये ऑपरेशन उसका प्रमाण हैं। आने वाले समय में भी ये कोऑर्डिनेशन बना रहेगा। जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद का सफाया कर देंगे।

### पाक विदेश मंत्री का दावा भारत-पाकिस्तान सीजफायर 18 तक बढ़ा

**इस्लामाबाद।** भारत और पाकिस्तान तनाव के बीच एक अच्छी खबर आई है। दोनों देशों के बीच हुए सीजफायर को 18 मई तक बढ़ा दिया है। यह जानकारी पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने संसद में दी। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच सीमा पर सीजफायर की स्थिति 18 मई तक रहेगी। इस घोषणा के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या 18 मई के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच फिर से सैन्य तनाव पैदा हो सकता है। शहबाज सरकार के मंत्री लगातार भारत को चेतावनी दे रहे हैं कि अगर सिंधु जल समझौते को बहाल नहीं किया गया, तो सीजफायर रद्द कर दिया जाएगा।

ऑपरेशन सिंदूर पर अब एमपी के डिप्टी-सीएम का विवादित बयान, बोले-

## सेना पीएम के चरणों में नतमस्तक

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मंत्री विजय शाह के बाद अब डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विवादित बयान दिया है।




देवड़ा ने शुक्रवार को जबलपुर में कहा, प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहेंगे...और पूरा देश, देश की वो सेना, वो सैनिक...उनके चरणों में नतमस्तक है। वे यहां सिविल डिफेंस वालिंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उनके बयान को कांग्रेस ने सेना के शौर्य का अपमान बताया। वहीं, बीजेपी ने कहा है कि कांग्रेस देवड़ा के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। विवाद बढ़ने के बाद डिप्टी सीएम ने सफाई दी। कहा, मेरे बयान को गलत ढंग से पेश किया जा रहा है। इससे पहले मंत्री शाह ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक बयान दिया था। एमपी हाईकोर्ट ने पुलिस को FIR दर्ज का आदेश दिया। मंत्री इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। इस पर सुनवाई सोमवार को होगी।

### सफाई- मेरा बयान तोड़ मरोड़ कर पेश कर रहे

जगदीश देवड़ा ने सफाई देते हुए कहा कि कांग्रेस मेरे बयान को बिल्कुल गलत तरीके से प्रस्तुत कर रही है। मीडिया में मेरा बयान तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। मैंने ये कहा कि देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में जो काम किया है, उसकी जितनी सराहना की जाए उतनी कम है। देश की जनता भारत की सेना के चरणों में नतमस्तक है। उनका प्रणाम करते हैं, उनका सम्मान करते हैं। जितना कहा जाए उतना कम है सेना के बारे में। ये शब्द मैंने कहे हैं। उसे तोड़ मरोड़ कर गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहे हैं। जो लोग ऐसा षड़यंत्र कर रहे हैं।

## हॉन्गकॉन्ग में कोरोना के 31 मामले सामने आए

### सिंगापुर अलर्ट पर, कोविड केस में 28% इजाफा



**हॉन्गकॉन्ग।** हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में फिर से कोरोना वायरस के मामले बढ़ने लगे हैं। हॉन्गकॉन्ग में 3 मई तक कोरोना संक्रमण के 31 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें कई मौतें भी शामिल हैं। हॉन्गकॉन्ग ने भी यह नहीं बताया कि पहला केस कब आया था। सिर्फ जानकारी दी है। इससे पहले सिंगापुर ने भी कोविड अलर्ट जारी करते हुए इस साल कोरोना के मामलों पर अपना पहला अपडेट जारी किया है। सिंगापुर में अप्रैल के आखिरी हफ्ते कोरोना के केसों की संख्या 11,110 थी, जो मई के पहले हफ्ते बढ़कर 14,200 हो गई है। यहां मामलों में 28% का इजाफा हुआ है। इस साल अब तक कोरोना के 14200 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, रोजाना आधार पर अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30% तक बढ़ गई है।

## पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद बड़ा कदम

### रक्षा बजट में 50 हजार करोड़ बढ़ाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार रक्षा बजट में 50,000 करोड़ रुपए बढ़ा सकती है। रक्षा मंत्रालय ने सरकार को फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जिसे संसद के नवंबर-दिसंबर के दौरान शीतकालीन सत्र में मंजूरी मिल सकती है।



मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि इस फंड से नए हथियार, गोला-बारूद और तकनीक खरीदी जाएंगी। साथ ही सेना की दूसरी जरूरतें, रिसर्च और डेवलमेंट पर भी खर्च किया जाएगा। बढ़ोतरी के बाद रक्षा मंत्रालय का ओवरऑल बजट 7 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को पेश किए गए 2025-26 के बजट में सशस्त्र बलों के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपए का बजट दिया था।

इस साल रक्षा बजट पिछले साल की तुलना में करीब 9.5% ज्यादा है। केंद्र ने 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपए दिए थे। PM मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के पहले बजट 2014-15 में रक्षा मंत्रालय को 2.29 लाख करोड़ रुपए दिए गए थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने इस्कॉन बेंगलुरु के पक्ष में सुनाया फैसला

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई बनाम इस्कॉन बेंगलुरु विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इस्कॉन बेंगलुरु के पक्ष में फैसला दे दिया है। बेंगलुरु हरेकृष्ण हिल टेंपल इस्कॉन बेंगलुरु के पास ही रहेगा। मुंबई इस्कॉन के अधिकार को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाई कोर्ट के आदेश को पलटकर फैसला सुनाया है और निचली अदालत के द्वारा सुनाए गए फैसले को अदालत ने सही ठहराया है। निचली अदालत ने इस्कॉन मुंबई के अधिकार को खारिज कर कहा था कि इस्कॉन बेंगलुरु इस्कॉन मुंबई की शाखा नहीं बल्कि एक स्वतंत्र संस्था है। यह विवाद दशकों पुराना है, जिसका अब निपटारा हुआ है।



जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने फैसला सुनाया है। 15 फरवरी 2016 को सुप्रीम कोर्ट में आए मामले में आठ साल बाद 24 जुलाई 2024 को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा। दरअसल, इस्कॉन के संस्थापक श्रील प्रभुपाद भक्तिवेदांत स्वामी के महासमाधि में जाने के बाद उनके शिष्यों के बीच सिद्धांतों को लेकर विवाद शुरू हुआ।

## पाकिस्तानी जासूस जालंधर में गिरफ्तार

जालंधर (एजेंसी)। राष्ट्रीय सुरक्षा निगरानी में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए गुजरात पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम करने वाले एक संदिग्ध जासूस को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद मुर्तजा अली के रूप में हुई है।

### 4 मोबाइल और 3 सिम कार्ड बरामद



अधिकारियों के अनुसार, उसे जालंधर के भार्गव कैंप इलाके में छापेमारी के दौरान पकड़ा गया। खुफिया जानकारी के आधार पर गुजरात पुलिस और जालंधर पुलिस की संयुक्त टीम ने अवतार नगर में एक लक्षित अभियान चलाया, जहां अली को हिरासत में लिया गया। अधिकारियों ने उसके कब्जे से चार मोबाइल फोन और तीन सिम कार्ड भी जब्त किए। अधिकारियों के अनुसार अली जालंधर के गांधी नगर में किराए के मकान में रह रहा था और गुप्त रूप से जासूसी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था।

प्रारंभिक जांच के अनुसार, भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के हाल के दौर में जब पाकिस्तान में भारतीय समाचार वेबसाइटों और टेलीविजन चैनलों तक पहुंच प्रतिबंधित थी - अली ने भारतीय समाचार चैनल देखना जारी रखा और कथित तौर पर आईएसआई को संवेदनशील जानकारी दी। उल्लेखनीय रूप से, उसने ऐसा एक मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके किया जिसे उसने खुद विकसित किया था।

### चीन में सुबह सुबह कांपी धरती, कोई नुकसान नहीं हुआ

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन में अभी सुबह-सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 4.5 मापी गई है। अभी तक इस भूकंप से नुकसान की खबर नहीं है। हालांकि, भूकंप के झटके से चीन के लोग डर गए और घर से बाहर भागने लगे। दरअसल, चीन में आज सुबह 6 बजकर 29 मिनट पर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.5 मापी गई। यह भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर था। यह भूकंप युन्नान प्रांत के निकटवर्ती क्षेत्र में आया। भूकंप की तीव्रता बहुत जोरदार नहीं थी, जिस वजह से जान-माल के कम ही नुकसान होने की संभावना है। क्योंकि इस भूकंप की गहराई कम थी, इसलिए इसके झटके लोगों ने अच्छे से महसूस किए।

पाकिस्तान पर एक और प्रहार की तैयारी!

## अफगानिस्तान से मिलने वाला पानी भी रोकेगा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर मुत्ताकी के बीच 15 मई की शाम हुए फोन कॉल ने पाकिस्तान में कुछ वैसी ही खबलबली मचाई है जैसी ऑपरेशन सिंदूर में हुई भारतीय स्ट्राइक्स ने मचाई थी.



भारत और अफगानिस्तान के बीच राजनीतिक संवाद ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल समझौते को ठंडे बस्ते में डालने के भारतीय फैसले से परेशान पाकिस्तान को और ज्यादा पस्त कर दिया है. ये परियोजना पाकिस्तान में पानी की किल्लत को और भी बढ़ा सकती है. सूत्रों के मुताबिक जयशंकर और मुत्ताकी के बीच अफगानिस्तान में भारतीय मदद वाली विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाने पर रजामंदी हुई है, इसमें लालंदर की वो शहतूत बांध परियोजना भी शामिल है, जो काबुल नदीं पर बनाई जानी है. दोनों देशों के बीच इसे लेकर समझौता तो फरवरी 2021 में हुआ था, लेकिन काबुल में हुए सत्ता बदल ने इसपर ब्रेक लगा दिया था. पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुए भारतीय राजनयिक टीम के काबुल दौरे ने इस परियोजना की सुगबुगाहट को एक बार फिर हवा दे दी. दरअसल, काबुल नदी पर बनने वाली यह परियोजना अफगानिस्तान की राजधानी काबुल और मुल्क में रहने वाले करीब 20 लाख लोगों के लिए साफ पेयजल मुहैया कराएगी. इस शहतूत बांध परियोजना के लिए भारत 236 मिलियन डॉलर की वित्तीय और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराएगा. करीब तीन साल में पूरी होने वाली इस परियोजना में अफगानिस्तान की 4,000 हेक्टेयर भूमि को सिंचित किया जाएगा. बीते दिनों भारतीय विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान डेस्क के प्रभारी संयुक्त सचिव आनंद प्रकाश के काबुल दौरे के बाद से ही शहतूत बांध परियोजना में रफ्तार के संकेत मिल रहे हैं. भारतीय राजनयिकों के दल का यह दौरा 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 29 अप्रैल को हुआ था.

## सुविचार



अपनी सोच हमेशा सकारात्मक रखनी चाहिए। नकारात्मक सोच से फायदे नहीं , हानि ही होती है।

**निर्मल कुमार दे**
**जमशेदपुर**

# संपादकीय

## पहलगाम : टीआरएफ के साथ पाकिस्तानी हाथ

यह तो सभी मानेंगे ही कि किसी को बड़ा अपराधी बनाने में किसी न किसी बड़ व्यक्ति या संगठन का हाथ होता है, ठीक वैसे ही जैसे कि आतंकवार को पालने और पोसने में पाकिस्तान का बहुत बड़ा हाथ सदा से रहा है। इस बात को खुद पाकिस्तान के नेताओं ने समय-समय पर माना है, लेकिन इसका हल निकाल पाने में सभी नाकाम साबित हुए हैं। खासतौर पर तब जबकि पाकिस्तानी आवाम खुद भी इस आतंकवाद से परेशान है, सरकार और सेना मिलकर कोई हल क्यों नहीं निकाल पा रही हैं, बड़ा सवाल है। पाकिस्तान के लिए भी ये आस्तीन के सांप ही साबित होते आए हैं, बावजूद इसके एक सियासी जमात इन्हें पालने और बढ़ाने में अपनी पूरी ताकत झोंकती आई है। इसका खामियाजा पड़ोसी मुल्कों को भी उठाना पड़ता है। इसी के चलते बीते माह 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के खूबसूरत पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश ही नहीं दुनियां को झकझोर कर रख दिया। आतंकियों के इस कायराना हमले में दो दर्जन से ज्यादा निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। शुरुआती जांच में ही इस आतंकी घटना के तार पाकिस्तान और लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन द रसिस्टेन्स फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़ते दिखे। पहले टीआरएफ ने इस हमले की जिम्मेदारी सीना ठोंक कर ले भी ली थी। जब अंतर्राष्ट्रीय दबाव पड़ा और पाकिस्तान को भारतीय जवाब की सूझ आई तो टीआरएफ ने बयान बदल दिया और जिम्मेदारी लेने से साफ इंकार कर दिया। अब भारत ने इस आतंकी हमले से संबंधित पुख्ता सबूत संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में पेश कर दिए हैं, जिससे टीआरएफ और इसके संरक्षक पाकिस्तान की साजिश बेनकाब होती दिखी है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद रोधी कार्यालय और काउंटर टेररिज्म कमेटी एग्जीक्यूटिव डायरेक्टोरेट (सीटीईडी) के समक्ष विस्तार से जानकारी पेश की है। भारत का साफ कहना है कि पहलगाम में जो आतंकी हमला हुआ, वह टीआरएफ द्वारा लश्कर-ए-तैयबा के निर्देश पर किया गया, और इसके पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की रणनीति थी। भारतीय अधिकारियों ने यूएन की 1267 प्रतिबंध समिति की निगरानी टीम को भी टीआरएफ की गतिविधियों से अवगत कराया और टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित करने की मांग रखी है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि टीआरएफ का बयान और फिर उससे पलटना पाकिस्तान के दबाव में किया गया ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाक सरकार की छवि को नुकसान न पहुंचे। टीआरएफ, लश्कर-ए-तैयबा का ही नया चेहरा है, जिसे एफएटीएफ और अन्य अंतरराष्ट्रीय निगरान एजेंसियों की निगाह से बचाने के लिए एक 'लो-प्रोफाइल' आतंकी ब्रांड के रूप में पेश किया गया है। लेकिन भारत ने इन दो संगठनों की कड़ी साठगांठ के सबूत यूएन के सामने रखे हैं।

इसी बीच भारत ने यह भी रेखांकित किया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक एकजुटता आवश्यक है। यदि टीआरएफ जैसे आतंकी संगठनों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध सूची में शामिल नहीं किया जाता है तो आतंकवादियों को बल मिलता रहेगा और निर्दोष लोगों की जान यूं ही जाती रहेगी। भारत का यह कदम पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक समर्थन जुटाने की दिशा में एक निर्णायक प्रयास है। भारत द्वारा दिए गए डिजिटल, कॉल रिकॉर्ड, फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन और इंटेलिजेंस इनपुट्स के आधार पर माना जा रहा है कि यूएन टीआरएफ को प्रतिबंधित आतंकी संगठन घोषित करने की प्रक्रिया जल्द शुरू कर सकता है। अगर ऐसा होता है, तो टीआरएफ से जुड़े फंड, हथियार आपूर्ति और सीमा पार नेटवर्क पर करारा प्रहार हो सकेगा। भारत लंबे समय से यह प्रयास कर रहा है कि पाकिस्तान की छद्म युद्ध नीति, जो वह लश्कर और जैश जैसे संगठनों के जरिए चलाता है, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर हो। पहलगाम हमले के बाद भारत की ओर से की गई यह कूटनीतिक कार्रवाई इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस घटनाक्रम से यह भी स्पष्ट होता है कि अब भारत आतंकी हमलों के प्रति केवल सीमित जवाब देने की नीति से आगे बढ़ चुका है। अब कूटनीतिक, अंतरराष्ट्रीय मंचों और आर्थिक प्रतिबंधों के माध्यम से भारत पाकिस्तान और उसके पाले हुए आतंकी संगठनों को घेरने की रणनीति पर चल रहा है। यदि संयुक्त राष्ट्र टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित करता है, तो यह न केवल भारत के लिए एक बड़ी जीत होगी, बल्कि वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक निर्णायक मोड़ भी साबित होगी।

### कहानी

# अनकहा दर्द

सभी बचों की तरह मुझे भी अपने नानीघर जाना बहुत अच्छा लगता था।चार भाई-बहनों में मेरी माँ सबसे बड़ी थीं, इसलिये ननिहाल में मैं सबका लाडला था।तीन साल तक तो मैं माँ की गोद में ही लालगंज(मेरा नानी घर)जाता था और फिर वहाँ कौन-कहाँ ले जाता..क्या खिलाता कुछ पता नहीं लेकिन जब स्कूल जाने लगा तब गर्मी की छुट्टियों में ननिहाल जाना मेरा नियम बन गया था।तब तक मेरी छोटी बहन भी आ चुकी थी..हम दोनों ही मामा-मौसी का खिलौना बन जाते थे...। वैसे तो मेरा नाम मनीष था लेकिन दोनों मामा और प्रिया मौसी मुझे मनु कहते थे और नानी मनुआ कहकर दुलारती।उन दिनों उनके मुँह से मनुआ सुनना एक सुखद अनुभूति देता था। चौथी कक्षा पास करने के बाद गरमी की छुट्टियों में मैं जब लालगंज गया तो घर में एक नये सदस्य को देखा जो मेरी ही उम्र का था।उसके घुंघराले बाल और बड़ी-बड़ी आँखों में इतनी चमक थी कि कोई भी उसे देखकर मुग्ध हो जाये।मुझे देखकर वो ऐसे मुस्कुराया जैसे बहुत पहले से जानता हो।मैंने उससे नाम पूछना चाहा तभी नानी ने उसे पुकार लिया, अरे बुधवा...कहाँ है..आकर बाल्टी में पानी तो भर..। अभी आके भरत है नानी..। कहकर वो तेजी-से गुसलखाने की तरफ़ भागा।मैं कुछ सोचता कि तभी मौसी आ गई और मैं उनके साथ हिलमिल गया।अगले दिन नानी ने मुझसे कहा कि अकेले कहीं नहीं जाना..ये जो बुधवा है ना..उसी को साथ लेकर जाना।मैं खुश..फिर तीन बजे के बाद बुधवा को साथ लेकर मैं आसपास टहलने निकल गया।वो मुझे नये-नये मकान दिखाने लगा और पूछने लगा कि आपका सहर कैसा है..मौसा जी काहे नहीं आये...।तब मैंने उसके बारे में जानना चाहा। उसने बताया कि नानी के गाँव में ही हमरा घर रहत..बाबू खेत में मजूरी करत रहे..एक दिन उनको जोर का ताप हुआ और..।महीना भर बाद माई भी खतम..तब नानी हमको इहाँ ले आई..।कहते हुए उसकी आँखें नम हो गई थी।बस उसी दिन से वो मेरा दोस्त बन गया। दिन-भर वो चक्करघिन्नी की तरह घूमता रहता..कभी बड़े मामा के कमरे में जाता तो कभी नाना जी की पीठ दबाने पहुँच जाता।कभी-कभी तो वो खाने के बीच में ही लावत है नानी कहकर दौड़ जाता था।एक दिन मैंने उससे पूछा, बुधवा..तुम इतना काम करते हो..थकते नहीं हो..। कहने लगा, भईया..हमरी माई कहत रहिन कि काम करे से देह मजबूत होवत है..। कहते हुए उसने अपने बुशर्ट की दोनों आस्तीनें चढ़ा ली थी।वक्त ने उसे समय से पहले ही बड़ा बना दिया था। मेरी छुट्टियाँ खत्म हो गई।पापा हमें लेने आ गये।जाते समय मैंने सभी बड़ों को प्रणाम किया और उसे हाथ हिलाकर टाटा कहते हुए कार में बैठ गया। अब हर छुट्टियों में मेरा लालगंज जाने का कारण नानी से मिलना कम और बुधवा के साथ खेलना अधिक होता था।एक दिन मैंने उससे पूछा कि तुम्हारा नाम बुधवा किसने रखा तो हँसते हुए बोला, भईया( वो मुझे भईया ही कहता था)माई कहती थी कि हम बुधवार को पैदा हुए थे तो हमरी दादी हमको बुधवा नाम रख दीहिस..पर हमरी माई- बाबू हमको आकास(आकाश) कहकर बुलाए रहत...अब इहाँ आये तो सबन हमें बुधवा कहने लगे। वो अक्सर मुझसे पूछता कि आपका सहर तो बहुत बड़ा होगा ना..सुना है..उहाँ बहुत गाड़ी-मोटर चलती है..।मैं चुपचाप उसकी बातें सुनता..उसके भोलेपन को निहारता रहता। देखते-देखते चार बरस बीत गये..।मैंने आठवी कक्षा पास कर ली थी।प्रिया मौसी की शादी में मेरा लालगंज जाना हुआ।बुधवा को देखा तो एकाएक उसे पहचान ही नहीं पाया।लंबा कद..चेहरे पर मूँछ की पतली रेखा..मैंने हँसते हुए कहा, अरे बोधु..तुम तो बिलकुल बदल गये हो। तब वो बोला, भईया..मूँछ में आप भी...। उसकी बात अधूरी रह गई।छोटे मामा उस पर चिल्लाये, शादी का घर है और तू यहाँ हा-हा, ही-ही कर रहा है। वो सहम कर भाग गया। मौसी की विदाई के अगले दिन माँ सामान बाँधने लगी... बुधवा से दो बात करने की इछा से मैं उसे ढूँढने लगा कि बड़े मामा के कमरे से आवाज़ आई तो मैं रुक गया।मामा बुधवा का कान ऐंठते हुए कह रहें थें, खाता तो मन भर का है और काम ऐसे करता है जैसे पाँवों में मेंहदी लगी हो..चल जा..दोनों बोरा उठाकर बाहर वाले कमरे में रख आ। उसने मुझे देखा तो सकपका गया। मामा से डाँट खाने का तो वो आदती था लेकिन उसे मेरे सामने डाँट पड़ी, इस बात का उसे बहुत दुख हुआ था।मुझे भी



अच्छा नहीं लगा था...उसकी मुस्कुराहट के पीछे का काला सच मेरे लिये भी असहनीय था। एकांत पाकर मैंने उससे कहा कि अब तो तुम सयाने हो गये हो..कहीं और क्यों नहीं..। तब मैंने पहली बार उसकी आँखों में आँसू देखे जो उसके अनकहे दर्द को छिपाने की असफल कोशिश कर रहे थे।उसने तुरंत अपनी हथेली से आँसू पोंछे और चेहरे पर मुस्कान लाते हुए बोला, भईया..ई घर तो हमारे लिये मंदिर है..मंदिर छोड़कर चले गये तो माई को क्या मुँह दिखायेंगे। उसकी आस्था के आगे मैं नतमस्तक हो गया था। उसके बाद मेरा ननिहाल जाना नहीं हुआ।बड़े मामा की शादी के वक्त मेरी दसवीं बोर्ड की परीक्षाएँ चल रही थी।उसके दस महीने बाद ही छोटे मामा की भी शादी हो गई।माँ और छोटी बहन गई थीं।बुधवा का ख्याल मेरे ज़हन में था, फिर भी मैं माँ से उसके बारे में नहीं पूछ सका और समय बीतता गया। इंजीनियरिंग की परीक्षा हो जाने के बाद एक दिन माँ ने मुझे बताया कि दोनों मामा पटना में शिफ़्ट हो गये हैं।नाना जी रहे नहीं तो कुछ महीने पहले ही बड़े मामा खेती-बड़ी का काम विश्वसनीय लोगों के हाथों में सौंप कर नानी को भी अपने साथ पटना ले गये हैं।तब मैंने पूछा, और बुधवा...उसका क्या हुआ? होना क्या था..दिनेश(मामा) तो पहले ही उसे अपने साथ ले गया था।किसी दिन जाकर नानी से मिल आना..तेरे बारे में पूछती रहतीं हैं। माँ की बात से मैं आश्वस्त हो गया कि अब तो वो पढ़-लिख गया होगा।इसी उम्मीद से मैं एक दिन पटना चला गया।नानी बहुत कमज़ोर हो गई थीं लेकिन आवाज़ अभी भी बुलंद थी।मैंने जब बुधवा के बारे में पूछा तब भड़क गईं, नाम मत ले उस कमजात का.. सहर की हवा लग गई..चोरी करके एक दिन भाग गया..इतने साल तक खिलाया-पिलाया..सब पानी कर गया। बुधवा को मैं जितना जानता था, उसमें मैं ये दावे से कह सकता था कि वो चोरी तो कतई नहीं कर सकता था।लेकिन घर में उसकी चर्चा करने का मतलब था, दबी चिंगारी को हवा देना, सो मैं चुप रह गया। मुझे एक प्राइवेट कंपनी में जॉब मिल गई और मैं व्यस्त हो गया।बहन की शादी के बाद मेरी भी शादी हो गई और एक बेटे का पिता भी बन गया।पापा रिटायर गये।बहन की शादी से पहले ही नानी चल बसीं थीं।उनके जाने के बाद माँ पटना गईं ही नहीं।एक दिन माँ मुझसे बोलीं, मनु..समय निकालकर एक बार मुझे अपने मामा से मिला ला ना..। माँ की बात मैंने कभी नहीं टाली थी।सो उन्हें लेकर मैं एक दिन मामा के पास चला गया।घर में काफ़ी कुछ बदल चुका था।माँ सबसे बातें करके अपना मन हल्का करने लगी।मैं शहर देखने निकल गया।एक दुकान की बेंच पर बैठकर मैं चाय पीने लगा कि तभी मेरी नज़र नीले रंग की कार से निकलते ड्राइवर पर पड़ी तो मैं चौंक गया। ये बुधवा ही है...,यकीन नहीं हो रहा था।सफ़ेद वर्दी और सिर पर टोपी लगाये बुधवा जब शोरूम से बाहर निकला तो मैं चाय आधी छोड़कर ही उसकी तरफ़ लपका।मुझे अचानक देखकर वो भईया कहकर मेरे पैर छूने लगा तो मैंने उसे अपने सीने-से लगा लिया।दोनों की आँखों से अश्रुधारा बहने लगी थी।उसने एक साथ कई सवाल कर दिये।उसकी स्पष्ट भाषा सुनकर मैं अचंभित था और खुश भी था।मैंने कहा, आकाश..समय हो तो बैठकर दो बातें कर सकते हैं। वो चहक उठा, भईया..आपने मेरा नाम लेकर मुझे खुश कर दिया..चलिये..वहाँ बैठते हैं। चाय की दुकान की उसी बेंच पर हम बैठ गये।उससे कैसे पूछूँ कि...।मेरी कशमकश को वो समझ गया, इसलिये पहल करते हुए बोला, कुछ साल पहले जब मामाजी मुझे लेकर यहाँ आये तो कुछ दिनों तक सब अछा रहा लेकिन फिर...। उसने गहरी साँस ली और बोला, नानी जी का कहा मुझे कभी बुरा नहीं लगा लेकिन मामी जी अक्सर ही मुझ पर हाथ उठा देतीं थीं।काम तो हम एक क्या सौ कर दे लेकिन प्यार के दो बोल भी तो कोई मुझसे बोले।कभी-कभी प्रिया मौसी भी अपने पास बुला लेतीं थीं तो मैं चला जाता था। उस दिन मैं मौसी जी के पास ही गया हुआ था।वहाँ उनकी ननद आई हुई थीं।उन्होंने मुझे पैर दबाने को कहा।मैंने मना कर दिया तो मुझपर चोरी का इल्ज़ाम लगा दिया।यहाँ आया तो बड़े मामा जी ने मुझे मारा और खूब गालियाँ दी।मैं सब सुनता रहा..सहता रहा।रात भर रोता रहा और कल जाकर गंगा मईया की गोद में समा जाने का निश्चय कर लिया।अगले दिन सब्जी लाने के लिये मामी ने थैला और पैसे दिये तो मैंने दोनों ही तकिये के नीचे रख दिये और खाली हाथ चला गया।

गाँधी सेतु पर जाकर कूदने ही वाला था कि अचानक दो मजबूत हाथों ने मुझे थाम लिया और जीप में बिठाकर अपने घर ले आये।वो



पुलिस इंस्पेक्टर एस पी रैना साहेब थे।उन्होंने ही मुझे लिखना-पढ़ना सिखाया। ड्राइविंग सिखाकर मुझे नौकरी भी दिलवाई।अब जब भी समय मिलता है तो मैं उनकी सेवा करने चला आता हूँ।आज मेरी छुट्टी थी तो मैडम जी को लेकर यहाँ आ गया।आप चलिये ना..उनसे मिलाता हूँ। कहते हुए उसने मेरा हाथ पकड़ लिया। अपने ननिहाल की कड़वी सचाई जानकर मैं उससे आँखें नहीं मिला पा रहा था।हाथ छुड़ाने हुए मैंने कहा, आज नहीं आकाश, फिर कभी..।तुम्हें इस रूप में देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। उसके चेहरे की चमक देखकर तुम खुश तो हो पूछना मैंने मुनासिब नहीं समझा। घर में सब कैसे..। उसने हिचकिचाते हुए पूछा।मैंने कहा कि नानी जी अब नहीं रहीं..मामा-मामी अछे हैं।इतना कुछ होने के बाद भी तुम्हें उनकी फ़िक्र..। भईया..उन्होंने मुझे दिल में न सही..घर में तो जगह दी थी ना.. ये एहसान तो मैं कभी नहीं भूल सकता। अछा..ये बताओ..शादी-वादी की या ऐसे ही...। मैंने बात को बदल दिया।

चहकते हुए बोला, नहीं भईया..अब कोई बंधन नहीं बाँधना..। तो फिर अपनी कमाई का क्या करते हो? ज़्यादा तो है नहीं..खाने-पहनने और किराया देने के बाद जो बचता है, पास के अनाथालय में दे देता हूँ ताकि किसी को भी मेरी तरह बेगार की चाकरी न करना पड़े..। उसके चेहरे पर दर्द की एक रेखा खिंच आई थी। फिर मिलता हूँ कहकर मैं वापस जाने के लिये मुड़ गया। सड़क किनारे बने ढ़ाबे पर बर्तन धोते नन्हें हाथों पर मेरी नज़र पड़ी तो सोचने लगा..,बुधवा की व्यथा तो एक पुलिस वाले ने सुन ली ..क्या इन नन्हें हाथों का अनकहा दर्द कोई देख-सुन पायेगा कभी....।

**विभा गुप्ता**
**बैंगलुरु**



# पत्नी और प्रेमिका का तुलनात्मक अध्ययन



### व्यंग्य
### अरण्यरोदन

पत्नी और प्रेमिका में अगर आपको चुनाव करना हो तो आप किसे चुनेंगें। जाहिर है आप प्रेमिका को चुनेंगें। प्रेमिका जी.एस.एम. मोबाईल की तरह है। जिसमें कोई भी सीम आप डाल सकते हैं। लेकिन पत्नी सी. डी. एम. ए. फोन की तरह है। उसमें उसी कंपनी का सीम कार्ड लगेगा। जिस कंपनी का फोन है। आईये पत्नी और प्रेमिका में तुलानात्मक अध्ययन करते हैं।

प्रेमिका जहाँ एसी. की ठंडी हवा है। वहीं पत्नी पुराना घर्र -घर्र की आवाज करने वाला पुराना पँखा। पत्नी जहाँ देशी ठर्रा है। वहीं प्रेमिका रेड़ वाईन। यदि आप घर में हैं। तो पत्नी से आपको वो हर सुविधा मिल जायेगी ( पत्नी नाक भौं सिकोड़कर वो सुविधा आपको देगी। ) जिसके आप हकदार हैं।

पत्नी का चुनाव करते समय पति को ये अघोषित वैधानिक चेतावनी नहीं बताई जाती, कि इस कंपनी के उत्पाद की कोई , गारंटी , बदली या वापसी नहीं होगी।

पत्नी स्वदेशी सामान की तरह लँबी और टिकाऊ है। प्रेमिका चाइनीज रौशनी वाले लड्डूओं की तरह है। जो जलते - जलते कभी भी बँद हो सकती है। यानि चाइनिज सामान की तरह जिसकी कोई गारंटी वारंटी नहीं है। पत्नी का मूड कभी भी खराब हो सकता है। पत्नी मौसम की तरह होती है। कभी भी बदल सकती है। प्रेमिका जलवायु की तरह है। या कम - से - कम ऋतुओं की तरह। प्रेमिका के मूड़ का पता आप आसानी से लगा सकते हैं। यानी जब लगे कि अब गर्मी खत्म हो रही है। और बरसात आने वाला है। उससे पहले ही आप छाता यानी दूसरी प्रेमिका का जुगाड़ बिठा लें। प्रेमिका आपको हमेशा कूल मूड़ में मिलेगी। एक ताजा सर्वे से ये बात पता चली है, कि जिन लोगों ने शादी नहीं की। वो शादीशुदा लोगों से ज्यादा खुशहाल रहते हैं। उनमें माईग्रेन , डिप्रेशन , उच्च रक्तचाप, शूगर सब नियंत्रित पाया गया। वहीं शादीशुदा लोग रोज इनमें से किसी बीमारी से ग्रसित होकर गोलियाँ खा रहें हैं । शादीशुदा लोगों के घर का बजट इन बीमारी के कारण बिगड़ गया है। प्रेमिका रखने वाले लोग इस मामले में बहुत भाग्यशाली हैं।उनको ओयो रूम का और खाने पीने का ही केवल खर्चा उठाना पड़ता है। पत्नी पुराने मॉडल की कार है। प्रेमिका तो बुलेट सी रफ्तार है। प्रेमिका आजीवण शैंपेन की बोतल की तरह रहती है। पतली , लचीली , सुपाच्य। पत्नियाँ अड़ियल , जिद्दी, और छोले भटूरे की तरह फूली हुई और बेकार। पत्नी पास आती है, तो जान निकालने लगती है। हाथ - पैरों में कंपकंपी छूटने लगती है। दिल की धड़कने बढ़ जातीं हैं ( दुःख और डर से )। प्रेमिका को भी देखते ही दिल की धड़कनें बढ़ जातीं हैं ( खुशी से )। प्रेमिका को देखते ही दिल गार्डन - गार्डन ( बाग - बाग ) हो जाता है। पत्नी का नाम लेते ही बाग के सब फूल मुरझा जाते हैं। पत्नी और उसके खर्चे अमेरिका के रक्षा बजट तरह मँहगे होते हैं। प्रमिका का खर्चा वेटिकन सिटी के पूरे बजट जितना होता है। जहाँ पत्नी दाल , भात और चोखा है। वहीं प्रेमिका , काजू बर्फी और चिकन कबाब है। जहाँ पत्नी सूखी हुई रोटी और आचार है। वहीं पत्नी मई की चिलचिलाती हुई गर्मी का एहसास है। वहीं प्रेमिका आइसक्रीम सा वरदान है। जहाँ प्रेमिका सावन की हरियाली और फुहार है। वहीं पत्नी सीजनल बुखार है। पत्नी जहाँ हटा सावन की घटा है । पत्नी मेरे अँगने में तुम्हारा क्या काम है । वहीं प्रेमिका चँदा मेरे आ मेरे आ चँदा मेरे आ.. , आधा तेरा इश्क आधा मेरा , बाकी हो पूरा चँद्रमा। , तू है तो मुझे फिर और क्या चाहिए , तू मेरा कोई ना होके भी कुछ लागे। छूने से तुझे भींगी रूतों को पँख लगे। कैसे कटे दिन रात ...ओ सजनी रे ... ओ कमलेआ ...... ओ कमलेआ ... गीत है। प्रेमिका जहाँ गुलाब जामुन है , रसमलाई है ।पत्नी वहीं मधुमक्खियों का छत्ता।

**महेश कुमार केशरी**
**मेघदूत मार्केट फुसरो**
**बोकारो झारखंड**

# बहादुरी

जल्दी चलो हमें बहुत दूर जाना है एक दृढ लेकिन छोटे बच्चे की आवाज थी, जो लगभग चौदह वर्ष का था।उसके पीछे दो छोटे छोटे बच्चे जो की एक आठ और एक छः साल के दुबले पतले व गोरे से, डरे सहमे से चल रहे थे और एक औरत जो उसकी मां थी, बार बार पीछे देख रही थी।पीछे दूर कही उन्हें आग की लपटे नज़र आ रही थी। सर्दी का मौसम था और रात के अंधेर सर्दी बढती ही जा रही थी।शमशेरपुर नाम का एक पुराना गांव था, अन्धविश्वाश, रूढ़िवादियों से घिरा, जहाँ आज भी विधवाएं अपने मृत पति के साथ सती होती थी, और किसी कार्य के पूरा नहीं होने पर बलि भी दी जाती थी।आज वहीं दिन था जब फिर से एक औरत आग की लपटों में जलने वाली थी, फिर से एक औरत सती होने वाली थी, लेकिन अपने बच्चो को देख कर वो सती नहीं होना चाहती थी, लेकिन गांव के सरपंच के कारण मजबूर थी।फिर भी वो अपनी ज़िद पर अडी रही नहीं मैं सती नहीं होना चाहती। मेरे बाद मेरे बच्चो का क्या होगा। मेरे बच्चे अनाथ हो जायेंगे।नहीं तुम्हे सती होना होगा, ये हमारे गांव की परंपरा है। एक आवाज आई ,जो की गांव के सरपंच की थी।नहीं मेरे बच्चे अनाथ हो जायेंगे फिर से रुआंसी आवाज में वो औरत बोली।तुम चिंता मत करो तुम्हारे बाद में तुम्हारे बच्चे गांव की भलाई में काम आएंगे, तुम्हारा छोटा बेटा गांव के काली माँ की बलि चढ़ेगा। सरपंच ने कहा।नहीं.......... वह औरत जोर से चिल्लाई नहीं मालिक मेरे बच्चे, उन्हें मत मारों।सरपंच ने कुछ नहीं सुना और कहा जाओ.. तुम कुछ वक्त अपने बच्चो के साथ समय बिताओ और हाँ भागने की कोशिश भी मत करना वरना तुम्हारे तीनों बच्चे मार दिए जायेंगे। ये मेरा अंतिम फैसला है। कल सुबह तुम्हारे पति की अंतिम विदाई होगी।फिर उस महिला को उसके तीनों बच्चों के साथ एक अँधेरी कोठरी में बंद कर दिया गया।आधी रात को.....माँ मुझे बहुत डर लग रहा है, क्या सरपंच जी मेरी बलि दे देंगे? उसके छोटे बच्चे ने डरते हुए



पूछा।नहीं वो सरपंच हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता एक मजबूत आवाज, जो सबसे बड़ा था, बोला।माँ तुम भी चिंता मत करो मैं तुम्हे भी सति नहीं होने दूंगा। हमारे बाबा को ऐसे ही शांति मिल जाएगी। पर बेटा तुम क्या करोगे? माँ ने पूछा।मैं अपने बाबा को इसी वक्त चिता को आग दूंगा लड़के ने कहा।नहीं बेटा , रात को चिता नहीं जलाते माँ बोली।ये नया इतिहास होगा माँ.. हम मजबूर है, हमे ये करना पड़ेगा,और मैं उस क्रूर सरपंच को भी जला दूंगा, जिसने पुरे गांव में आतंक फैला रखा है।कैसे कर पायेगा बेटा तु ये सब, तू अभी छोटा है। नहीं माँ बाबा कहते थे अगर मन में हिम्मत हो तो इंसान सब कुछ कर सकता है, बस माँ दुआ करो मै इस कार्य में सफल होकर लौटू। पर बेटा तू यहाँ से कैसे निकलेगा ? माँ ने कहा।अभी बताता हूँ। ये देखो इस कमरे की खिड़की बंद है, पर पूरी टूटी हुई है। ये किसी ने नहीं देखा। आप सब लोग यहां से निकल जाओ, मैं अभी आया। कहते हुवे उस लड़के ने अपने दोनों भाइयों को और अपनी माँ को बाहर निकाला और खुद अपने पिता की चिता तक पहुंचा और उसके पास ही एक चिता और बनाई, फिर उसने अपने पिता की चिता को आग लगाई और सरपंच के घर जा कर उसका दरवाजा खटखटाया।सरपंच बाहर आया और देखा की किसी ने चिता पर आग लगा दी , तो वो तुरंत वहां पंहुचा। उसने देखा वहां एक और चिता भी जल रही है, वो कुछ समझ पाता, उस से पहले ही अचानक उसे जोर से पीछे से किसी ने धक्का दे दिया और वो उस दूसरी चिता की आग में जा गिरा और जोर से चीत्कार उठी,

चीत्कार सुन कर सभी गांव वाले भी वहां आ गए, सब को पता चल गया की सरपंच जल रहा है। अरे बचाओ मुझे.. मैं जल रहा हूँ ... बचाओ सरपंच चिल्लाया।

हाँ -हाँ हम पानी लाते है सरपंच जी ज्ज हम आपको बचाएँगें लोग बोले।लोग घड़े उड़ेले जा रहे थे लेकिन आग और बढाती जा रही थी।वे सब लोग पानी की जगह केरोसिन डाल रहे थे।सब खुश होते हुवे चिल्लाये आज हम आजाद हुए, हमारा गांव आजाद हुआ वहीँ दूर कहीं एक लड़का हाथ में मशाल लिए चला जा रहा था, पीछे दो छोटे बच्चे और उनके पीछे एक औरत चली जा रही थी।हम फिर कभी गांव नहीं आएंगे। तीनों बच्चे एक साथ बोले।एक बच्चे की बहादुरी ने उस गांव वालों को बलि और सती प्रथा से मुक्ति दिलाई और खुद के परिवार को भी बचा लिया।

**- रश्मि आर्य**
**लाडनूं (राजस्थान)**

## इतिहास लेखक भालेराव की पुस्तक स्वयंसिद्ध बाजीराव पेशवा हिंदवी स्वराज्य विस्तारक का विमोचन हुआ



इन्दौर। हिंदी साहित्य समिति सभागार में पीठाधीश्वर श्रीपाद अवधूत स्वामी, राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, डॉ. विकास दवे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित एक पुस्तक विमोचन समारोह में इतिहास लेखक चंदकांत भालेराव लिखित पुस्तक स्वयंसिद्ध श्रीमंत बाजीराव पेशवा हिंदवी स्वराज्य विस्तारक का विमोचन किया गया।

प्रवीण जोशी ने बताया कि लेखक ने बाजीराव पेशवा के बारे मे तथ्य और संदर्भ जुटाने के लिए पुणे और मुंबई की लाइब्रेरी में जाकर गहन अध्ययन किया है। इस अवसर पर मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि बाजीराव पेशवा महान योद्धा, कुशल रण नीतिकार थे। समारोह में अतिथि स्वागत अश्विन खरे, और मनीष भालेराव ने किया। संचालन मुकेश तिवारी ने किया आभार दर्पण भाले राव ने माना।

## स्वरांगी मोदी को सुयश



इंदौर। 2025 का सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें, सिक्का हायर सेकेंडरी स्कूल -78 की छात्रा स्वरांगी मोदी ने पीसीएम ग्रुप में 90.8% हासिल किए, स्वरांगी रोज 5 घंटे सेल्फ स्टडी करती थी, स्कूल से आकर रिवीजन करना जिससे बेसिक क्लियर होता है , कोचिंग और स्कूल में होने वाले टेस्ट और असाइनमेंट पर खास ध्यान दिया, इससे अपनी कमजोरी पता लगी।

2021 में आपने अपने पिता प्रो. संजय मोदी को खो दिया, अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों में परिस्थितियों में स्वरांगी ने अपनी पढ़ाई जारी रखी, मां डॉ अनुपमा मोदी, जो की एक प्राइवेट नौकरी करती थीं , मां की नौकरी भी 1 साल से चली गई और बेहद प्रतिकूल परिस्थितियों में स्वरांगी ने अपनी पढ़ाई जारी रखी, पापा का सपना, जिसे उसे पूरा करना है, उसके लिए खूब मेहनत कर रही है।

## सेंट ऐन्स स्कूल की मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित



इंदौर। इस मौके पर बच्चों के अभिभावक परवेज़ खान और गुलरेज खान ने स्कूल के शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि सेंट ऐन्स स्कूल द्वारा जिस तरह से लगातार बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, वह अनुकरणीय है।

संचालक जुनेद खान ने कहा पढ़ाई के प्रति ऐसे समर्पित बच्चे दिन-रात एक कर अपने भविष्य बनाने में लगे हों, ऐसे स्टूडेंट्स को जीवन में सफलता प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता।

सभी ने सम्मानित होनहार छात्राओं को बधाई दी।गौरतलब रहे सेंट ऐन्स हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा बारहवीं साइंस की छात्रा अनमता खान पिता गुलरेज खान ने 83? अंक अर्जित कर पूरे स्कूल में पहला स्थान हासिल किया है।

इसी तरह बारहवीं में कॉमर्स सब्जेक्ट की स्टूडेंट तैय्यबा खान ने भी फर्स्ट पोज़िशन अर्जित की।

## अब 25 मई तक होंगे शिक्षकों के तबादले

इंदौर। लोक शिक्षण संचानालय ने स्कूल शिक्षा विभाग की घोषित तबादला नीति अनुसार तबादलों के लिए आवेदन की समय सीमा में बढ़ोत्तरी कर दी है ।

इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने निर्देश जारी कर दिए हैं। जिसके तहत स्वैच्छिक तबादले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 16 मई से बढ़ाकर 21 मई और ऑनलाइन स्थानांतरण आदेश जारी करने की तिथि 20 मई से बढ़ाकर 25 मई कर दी है।

### कार्टून कोना..........




# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जनसिंह वर्मा के सुपुत्र गगन वर्मा के नेत्रदान

इंदौर। जवाहर डोसी पीयूष। वर्तमान समय में चार प्रकार के जीवनदायी दान रक्तदान, अंगदान, नेत्रदान, देहदान के बारे में प्रचार प्रसार होने के कारण लोगों का रुझान किसी की जिंदगी बचाने के लिए इन चारों दानों में सुरुचि एवं जागरूकता पूर्वक स्व-प्रेरणा से होने लगा है। सज्जन एवं भद्र पुरुष इस विषयक कुछ कर गुजरने के लिए स्व स्फूर्त होकर आगे आने लगे हैं।



मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री सज्जनसिंह वर्मा के पुत्र गगन वर्मा का दुःखद निधन हो गया है।

विकट परिस्थिति में पुत्र के वियोग के बाद भी मानव कल्याण भाव से इस दुःख की घड़ी में भी आदरणीय सज्जनसिंह वर्मा ने नेत्रदान के लिए स्वयं फ़ोन करकर नेत्रदान के लिए सहमति दी।




### नेत्रदान महादान

लोगों की यह सोच बदल रही है कि पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार रीति-रिवाज के अनुसार करना ही पुण्य का काम है किंतु देहदान करना उससे भी बड़ा दान है।इसकी अहमियत समझ में आने के बाद इंदौर में नेत्रदान, त्वचादान एंव देहदान करने के लिए लोग आगे आ रहे हैं।



### आभार दानदाता परिवार

नेत्रदान-स्वर्गीय श्री गगन वर्मा के नेत्रदान शंकरा आई बैंक एवं मुस्कान ग्रुप के सहयोग से संपन्न हुए। समन्वय सेवा-अशोक दासवानी एवं मनीष रिझवानी द्वारा प्राप्त हुई। तकनीकी सेवाएं १जीतू बगानी एवं अनिल गोरे द्वारा प्राप्त हुई। अंगदानी को गार्ड ऑफ ऑनर देवे कुछ समय पहले सरकार ने घोषणा की थी कि जिस व्यक्ति के अंगदान किए जाएंगे,उसे गार्ड ऑफ आनर का सम्मान दिया जाएगा।मगर वह सुझाव अब तक अमल में आया नहीं है।

## 18 मई को भोपाल में चिंतन बैठक में शामिल होंगे डॉ. अखिलेश पटेल

इंदौर। अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ. अखिलेश पटेल 18 मई को भोपाल में आयोजित चिंतन बैठक में हिस्सा लेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम करेंगे, जिसमें मध्य प्रदेश प्रभारी आर.बी. सिंह पटेल सहित पार्टी के प्रमुख नेता शामिल होंगे।




बैठक का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश में पार्टी की संगठनात्मक ताकत को बढ़ाना और आगामी रणनीतियों को मूर्त रूप देना है।

डॉ. अखिलेश पटेल ने बैठक के तीन प्रमुख एजेंडों पर प्रकाश डालते हुए कहा, हमारा पहला लक्ष्य मध्य प्रदेश की टीम को अधिक प्रभावी और ताकतवर बनाना है। इसके साथ ही, हमें सदस्यता अभियान को तेजी से आगे बढ़ाना है तथा पार्टी के मुद्दों को प्राथमिकता से जन-जन तक पहुंचाने के लिए ठोस कदम उठाने हैं। इस बैठक में इन बिंदुओं पर विस्तृत रणनीति तैयार की जाएगी। गौरतलब है कि राजधानी भोपाल में लगातार दूसरे महीने पार्टी की बैठक, मध्य प्रदेश में पार्टी के एक नए दौर की शुरुआत का संकेत दे रही है, जिसमें संगठन विस्तार और जनता के बीच पार्टी की पैठ बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वहीं डॉ. अखिलेश पटेल के नेतृत्व में युवा मंच की सक्रियता से पार्टी को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद भी की जा रही है।

## Drishti Juicidiary द्वारा इंदौर में नए बैचों की शुरुआत

इंदौर। Drishti IAS Drishti जुडिशियरी ने इंदौर और लखनऊ में कानून के क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले छात्रों के लिए दो नए शैक्षणिक बैचों की शुरुआत की घोषणा की है।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में अपने अनुभव और विश्वसनीयता के साथ, दृष्टि जुडिशियरी अब कानूनी शिक्षा को और अधिक विस्तार दे रहा है।

इंदौर सेंटर में 22 मई 2025 से जुडिशियरी परीक्षा की तैयारी के लिए एक नया बैच शुरू किया जा रहा है। यह कोर्स विशेष रूप से उन लॉ ग्रेजुएट्स के लिए तैयार किया गया है जो विभिन्न राज्य न्यायिक सेवाओं की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। इसमें विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा पढ़ाई, व्यवस्थित पाठ्यक्रम, नियमित टेस्ट और पर्सनल मेंटरशिप जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।

## आरबीआई आगामी महीनों में कर सकता है रेपो रेट में कटौती

**होम और कार लोन लेने वालों को मिल सकती है बड़ी राहत**

इंदौर। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) आने वाले महीनों में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। सूत्रों से ?मिली जानकारी के मुताबिक जून से दीपावली (20 अक्टूबर) तक रेपो रेट में कुल 0.50 फीसदी की कटौती की संभावना है। इस कटौती का सीधा असर होम लोन, कार लोन और अन्य कर्जों की ईएमआई को भी प्रभावित करेगा।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगली बैठक 4 से 6 जून के बीच होने वाली है, जिसमें 0.25 फीसदी की कटौती लगभग तय मानी जा रही है। इसके बाद 5 से 7 अगस्त या फिर 29 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच होने वाली बैठक में एक और 0.25 फीसदी की कटौती की संभावना है। रेपो रेट में अब तक 0.50 फीसदी की कटौती हो चुकी है। आरबीआई ने इस वर्ष फरवरी से दरों में कटौती शुरू की थी और अब तक दो बैठकों में कुल 0.50 फीसदी की कटौती कर रेपो रेट को 6 फीसदी तक ला चुका है। यदि आगामी दो बैठकों में और कटौती होती है, तो यह दर और सस्ती हो जाएगी, जिससे उद्योगों को किफायती दरों पर कर्ज मिलेगा और आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

एसबीआई सिक्योरिटीज के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि रेट कट के लिए सभी आर्थिक कारक अनुकूल हैं। महंगाई काबू में है, मानसून सामान्य रहने के संकेत हैं और जीडीपी स्थिर बनी हुई है। खुदरा महंगाई जुलाई 2019 के बाद सबसे निचले स्तर पर है। ऐसे में ब्याज दरों में कटौती की पूरी संभावना है।

# स्वास्थ्य के लिए संकल्पबद्ध आनंदम में आयोजित हुआ आयुर्वेदिक हेल्थ कैंप

इंदौर। उम्र के बढ़ते पड़ाव में सेहत से समझौता नहीं किया जा सकता और जब बात हो वरिष्ठ नागरिकों की, तो यह जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए, शुभ दीप आयुर्वेदिक कॉलेज की टीम द्वारा आनंदम सीनियर सिटीज़न सेंटर में एक विशेष आयुर्वेदिक हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया।



यह आयोजन न सिर्फ सेहत के लिए उपयोगी साबित हुआ, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति सदस्यों की जागरूकता और भरोसे को भी नई दिशा दी।

डॉक्टर अखिलेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित इस कैंप में आनंदम सीनियर सिटीज़न सेंटर के कुल 33 सदस्यों ने स्वास्थ्य जाँच का लाभ लिया। पंजीकरण से लेकर बी.पी. मापन, बीएमडी टेस्ट और आयुर्वेदिक परामर्श तक की पूरी प्रक्रिया में सहभागिता, संवेदनशीलता और सेवा का भाव स्पष्ट रूप से झलकता रहा।

आनंदम के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह ने कहा, हम मानते हैं कि बुजुर्गों की सेहत की जिम्मेदारी सिर्फ दवाओं से नहीं, बल्कि सच्चे सेवा भाव और सतत देखभाल से पूरी होती है। यह आयुर्वेदिक हेल्थ कैंप इसी सोच का विस्तार है। हम चाहते हैं कि हमारे सदस्य स्वस्थ रहें, आत्मनिर्भर बनें और हर दिन ऊर्जा से भरपूर महसूस करें।

सचिव श्री एस. बी. खंडेलवाल ने कहा, ÷हमारे लिए आनंदम सिर्फ एक स्थान नहीं, बल्कि एक परिवार है। और बात जब परिवार के सदस्यों की सेहत की हो, तो हम पीछे नहीं रहते।

## वैष्णव स्कूल में समर कैम्प 'हैलो समर' में हो रहा सर्वांगीण विकास

इंदौर। श्री वैष्णव ट्रस्ट द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान श्री क्लॉथ मार्केट वैष्णव हायर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे समर कैम्प में बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु राष्ट्रीय स्तर की बास्केटबॉल खिलाड़ी पूजा लड्डा जी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।



इस वर्ष विद्यालय अपनी हीरक जयंती वर्ष मना रहा है, और इसी उपलक्ष्य में यह समर कैम्प विशेष उत्साह, विविध गतिविधियों और नए प्रयोगों के साथ आयोजित किया गया। कैम्प में अभिभावकों के लिए विशेष इंग्लिश और कंप्यूटर क्लासेस का आयोजन किया गया, जिससे वे भी तकनीकी और भाषाई कौशलों में सशक्त बन सकें। इस अवसर पर बास्केटबॉल की इंडिया टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी पूजा जी ने कहा, 'पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती। सीखने की ललक हो तो हर चरण, हर दिन शिक्षा का नया अवसर बन सकता है।'

बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी को अपने जीवन में एक स्पष्ट और एकमात्र लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए, और उसी दिशा में निरंतर प्रयास करते हुए पूरे समर्पण और मनोयोग से अपना शत-प्रतिशत देना चाहिए। पूजा जी की प्रेरणादायी बातें और उनका आत्मविश्वास बच्चों के लिए ऊर्जा का स्रोत बने।

समर कैम्प में आयोजित विभिन्न गतिविधियों जैसे स्केटिंग, हेंडबॉल, वॉलीबाल, कबड्डी, जुडो, कुराष, बास्केटबॉल, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस, म्युजिक, कंप्यूटर एवं इंग्लिष क्लासेस को देखकर वे बेहद प्रसन्न और अंचभित थी। उक्त समर कैम्प में 350 से अधिक विद्यार्थी और 50 पालक अपनी नियमित उपस्थिति दे रहे हैं।

## जैन सोशल ग्रुप लोटस के 800 सदस्यों की तुर्की यात्रा रद्द

इंदौर। भारत में पाकिस्तानी आतंकवाद को समर्थन बढ़ावा देने वाले तुर्की के टूरिज्म को हम भारतीय भी बढ़ावा नहीं देंगे। फेडरेशन के राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने कहा कि भारत के जैन लोटस सोशल ग्रुप के 800 सदस्यों ने सिर्फ इसलिए तुर्की जाने का कार्यक्रम रद्द कर दिया क्योंकि तुर्की ने भारत के खिलाफ पाकिस्तान का साथ दिया।

दद्दू ने बताया कि वही तुर्की जहां कुछ साल पहले जब भूकंप आया था तब भारत ने उसकी दिल खोलकर साथ दिया उसी ने आज भारत को धोखा दिया। जैन लोटस सोशल ग्रुप के इस सहासिक निर्णय का इंदौर दिगम्बर जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ जैनेन्द्र जैन महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल फेडरेशन की राष्ट्रीय शिरोमणि संरक्षिका पुष्पा कासलीवाल हंसमुख गांधी टीके वेद एवं समस्त सोशल ग्रुप ने आप के सहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए आप के उत्तम कार्य की अनुमोदना।

## उच्च शिक्षा विभाग में प्रोफेसर और फैकल्टी की भारी कमी

इंदौर। मध्य प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में प्रोफेसरों की भारी कमी है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, मध्य प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में 69 विषयों के कुल 6,289 पद खाली हैं। ये सभी पद राजपत्रित शैक्षणिक संवर्ग के अंतर्गत आते हैं। प्रदेश में सबसे ज्यादा पद इंग्लिश विषय में खाली है। इनकी संख्या 458 है। कॉमर्स (440 पद) और इकोनॉमिक्स (387 पद) रिक्त है। प्रदेश में रीवा जिला सबसे ऊपर है। यहां 196 पद खाली हैं, सागर (193 पद), छतरपुर (190 पद) का स्थान, टॉप 10 जिलों में उज्जैन, सीधी, सिंगरौली, सीहोर, सतना, मुरैना और शिवपुरी भी शामिल है। वहीं राजधानी भोपाल सहित इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर जैसे बड़े शैक्षणिक हब की स्थिति भी कोई बेहतर नहीं है। भोपाल में 102 पद खाली है।

**सरकार को उठाना होगा कदम**-यदि समय रहते इन पदों पर नियुक्ति नहीं हुई, तो आने वाले शैक्षणिक सत्र में लाखों छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होगी। विषय विशेषज्ञों की कमी से शिक्षा में गिरावट तो आएगी ही, शोध और नवाचार जैसे पहलू भी पीछे छूटेंगे। प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों को शिक्षकों की भारी जरूरत है। 6,289 पदों की यह रिक्तता केवल संख्या नहीं, बल्कि शिक्षा की सेहत का संकेत है।

# सर्वे में खुली टेलीकॉम कंपनियों के दावों की पोल, 89 प्रतिशत यूजर्स कॉल ड्रॉप और खराब नेटवर्क से हो रहे परेशान

इंदौर। देश में टेलीकॉम क्रांति और 5जी नेटवर्क के तमाम दावों के बीच एक ताजा सर्वे ने टेलीकॉम कंपनियों की असलियत सामने ला दी है। लोकल सरकल्स द्वारा कराए गए इस सर्वे में खुलासा हुआ है कि 89 फीसदी मोबाइल यूजर्स खराब नेटवर्क और कॉल ड्रॉप की समस्या से जूझ रहे हैं।

बावजूद इसके कि टेलीकॉम नियामक ट्राई ने पिछले एक साल में कई बार सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए, लेकिन नेटवर्क की हालत जस की तस बनी हुई है। फरवरी 2025 में ट्राई ने कंपनियों से सेवा गुणवत्ता सुधारने के लिए नए नियम बनाए थे, जिनका टेलीकॉम कंपनियों ने खुलकर विरोध किया।

### सर्वे के प्रमुख निष्कर्ष

89 फीसदी उपभोक्ताओं ने माना कि उन्हें कॉल कनेक्शन और कॉल ड्रॉप की समस्या होती है। 40 फीसदी यूजर्स ने कहा कि यह समस्या रोजमर्रा का हिस्सा बन चुकी है।

22 फीसदी लोगों ने बताया कि वे मोबाइल नेटवर्क पर भरोसा नहीं करते और वाई-फाई से कॉल करते हैं।

### वाई-फाई कॉलिंग बना विकल्प

जब पूछा गया कि कितनी बार उन्हें वाई-फाई कॉलिंग करनी पड़ती है, तो जवाब चौंकाने वाले थे।

32 फीसद यूजर्स ने कहा कि 10 प्रतिशत से ज्यादा कॉल वाई-फाई से करते हैं।

20 फीसदी यूजर्स ने कहा कि 20 प्रतिशत कॉल वाई-फाई पर निर्भर हैं।

15 फीसद लोगों ने बताया कि 50 प्रतिशत से ज्यादा कॉल वाई-फाई से करनी पड़ती है।

### कवरेज के बड़े दावे, लेकिन भरोसा टूटा

भारत में 5 जी और आगामी 6 जी नेटवर्क की तैयारियों के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। लेकिन यह सर्वे 342 जिलों के 56,000 से अधिक लोगों पर आधारित है और यह दिखाता है कि ग्राहकों का भरोसा टेलीकॉम सिस्टम से डगमगाया हुआ है।

ऐसे में सवाल उठता है कि क्या महज तकनीकी दिखावे से काम चलेगा?

## नेत्रदान से दी रोशनी की सौगात



**रतलाम।** शहर के नोलाईपुरा निवासी एवं भारतीय स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त सुश्रावक श्री मनसुख गुगलिया का बेंगलुरु में अल्पकालिक बीमारी के पश्चात निधन हो गया। वे स्व. धुलचंद गुगलिया के सुपुत्र थे। दुखद अवसर पर भी परिजनों ने अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक निर्णय लेते हुए श्री गुगलिया के नेत्रदान का संकल्प लिया। यह पुनीत कार्य बेंगलुरु के नारायणा नेत्रालय में डॉ. राजकुमार आई बैंक के तकनीशियन द्वारा संपन्न किया गया। स्व. गुगलिया अस्वस्थता के चलते अपने छोटे पुत्र के निवास पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। निधन के उपरांत उनका पार्थिव शरीर वायुयान द्वारा उनके पैतृक नगर रतलाम लाया गया, जहाँ त्रिवेणी मुक्तिधाम में पूरे धार्मिक विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों द्वारा लिया गया यह मानवीय निर्णय समाज के लिए एक प्रेरणा है और नेत्रदान जैसे पुनीत कार्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला है।

## 19 साल की युवती के साथ दुष्कर्म : रतलाम छोड़ने के बहाने होटल ले गया



**रतलाम।** नामली में 19 साल की युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। गुरुवार रात हिंदू संगठनों को इस बात की जानकारी लगी तो नामली पुलिस थाने पहुंचे। परिजन भी युवती को लेकर थाने पहुंचे। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया। घटना 23 अप्रैल की है। नामली थाना क्षेत्र की युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि रतलाम जाने के दौरान उसकी कुछ समय पहले सेमलिया के अयान अली (22) पिता रियासत अली से पहचान हुई थी। पिछले माह 23 अप्रैल को मैं रतलाम जा रही थी। तब वह रास्ते में मिला। कहा रतलाम छोड़ देता हूं। बहाने से मुझे धौंसवास के पास एक होटल में ले गया। जहां मेरे साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी अयान को कस्टडी में ले लिया है। पूछताछ की जा रही है। घटनाक्रम को लेकर पुलिस द्वारा होटल संचालक से भी इस बारे में पूछताछ की जाएगी। रतलाम ग्रामीण एसडीओपी किशोर पाटनवाला ने बताया युवती की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 64 (1) बीएनएस के साथ एससी-एसटी एक्ट में भी केस दर्ज किया है। आरोपी को राउंडअप कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## खुले बिना मुंडेर के कुओं पर बनवाई गई बाउण्ड्रीवाल

**रतलाम।** जनसुरक्षा एवं किसी अप्रत्याशित दुर्घटना से बचने के लिए खुले बिना मुँडेर के कुओं पर प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्री राजेश बाथम के निर्देशन मे तहसीलदार रतलाम ग्रामीण प्राची गायकवाड़ द्वारा कार्यवाही करते हुए गांव बिरमावल तहसील रतलाम ग्रामीण के सड़क किनारे खुले बिना मुँडेर के कुओं पर बाउण्ड्रीवाल बनवाई गई एवं फेनसिग लगवाकर सुरक्षित किया गया।

## आईटीआई सैलाना में प्रवेश प्रारम्भ

**रतलाम।** प्रभारी प्राचार्य आईटीआई सैलाना ने बताया कि सत्र 2025-26 हेतु विभिन्न व्यवसाय कोपा 48 सीट, फीटर 20 सीट, वेल्डर 40 सीट, इलेक्ट्रीशियन 20 सीट, मैकेनिक मोटर व्हीकल 24 सीट प्रवेश हेतु आनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो चुके हैं। शैक्षणिक योग्यता 10वीं कोपा, फीटर, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक मोटर व्हीकल हेतु एवं 8वीं वेल्डर हेतु निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदक विभाग के पोर्टल अथवा एमपी ऑनलाइन वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कर प्रवेश की कार्यवाही कर सकते हैं। प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी पोर्टल से अथवा शासकीय आईटीआई सैलाना से प्राप्त की जा सकती है।

## शहर के नाले-नालियों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर

**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा शहर के बड़े नाले की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है जिसके तहत नगर के विभिन्न बड़े नालो एवं नालियों की सफाई का कार्य करवाया गया। निर्देशों के तहत स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा न्यू रोड के पीछे, हसन अली की चाल फ्रीगंज रोड, दिलबहार चौराहा नाले की सफाई का कार्य सफाई संरक्षक, जेसीबी और डंपर के माध्यम से करवाया गया यह अभियान निरंतर रहेगा। नालो की सफाई के दौरान स्वच्छता अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी व वार्ड दारोगा आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा मंच की तिरंगा रैली में देशभक्ति के नारों से गूंजा रतलाम

## भारत माता की आरती में दिया सर्वधर्म सद्भाव का संदेश

**रतलाम।**

भारतीय सेना के सम्मान में गुरुवार शाम रतलाम में राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा मंच के तत्वाधान में विशाल तिरंगा रैली निकली। इसमें शामिल रतलाम वासियों ने देश भक्ति के नारों से आसमां को गुंजायमान किया। रैली में सभी धर्मो के धर्माचार्य और अनुयायियों ने शामिल होकर सर्वधर्म सद्भाव का संदेश दिया। रैली का समापन भारत माता की आरती करके किया गया।

तिरंगा रैली महलवाडा से प्रारंभ हुई और पैलेस रोड़, डालू मोदी बाजार, गणेश देवरी, बजाज खाना, तोपखाना, चांदनी चौक, चौमुखीपुल होते हुए घांस बाजार पर भारत माता की आरती के साथ सम्पन्न हुई। रैली में आगे-आगे भारतीय सेना के सेवानिवृत सैनिक, रानी लक्ष्मीबाई के रूप की प्रतिकृति, इसके बाद खुल जीप में भारत माता की प्रतिकृति, मातृशक्ति और बड़ी संख्या मे शहरवासी शामिल हुए। रैली में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, सभी धर्मो के धर्म गुरू हाथ में तिरंगा थामकर शामिल हुए। शहरवासी पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिन्दुस्तान जिंदाबाद और हम सेना के साथ है, ऑपरेशन सिन्दूर के साथ देश खडा है, जैसे स्लोगन की



तख्तिया थामे चल रहे थे। मार्ग में जगह-जगह रैली का स्वागत भी किया गया।

रैली में प्रदेश के सूक्ष्म, लघु, मध्यम, उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप, ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामर, महापौर प्रहलाद पटेल, पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी, भाजपा जिला प्रभारी प्रदीप पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, रैली संयोजक पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, बजरंग पुरोहित, सहित कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता एवं शहरवासी शामिल हुए। अंत में आभार संयोजक श्री डागा ने माना।

सहसंयोजक निर्मल कटारिया, विप्लव जैन, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य,

### पूरा देश सेना के साथ खड़ा है

तिरंगा रैली के बाद कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने मीडिया से चर्चा में कहा कि पूरा देश सेना के साथ खड़ा है। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आन-बान और शान को बढ़ाया है। उसके सफल परिणामों के बाद सैनिकों का आत्मबल बढ़ाने के लिए पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में भारत सुरक्षित है और पाकिस्तान की हर हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्रीजी ने कहा भी है कि अब कोई आतंकी हमला होगा तो उसे युद्ध माना जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के कई पैमाने है।

# भाजपा के नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान

## राजनीति में पद काम करने का भाव देता है : कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप

**रतलाम।**

भारतीय जनता पार्टी के रतलाम शहर विधानसभा क्षेत्र के तीनों मंडलों सूरजमल जैन मंडल, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल के नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों का विधायक जनसंपर्क कार्यालय पर स्वागत सम्मान किया गया।

पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान भाजपा जिला प्रभारी प्रदीप पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, मंडल अध्यक्ष मयुर पुरोहित, निलेश गांधी, आदित्य डागा सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।



मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि भाजपा संगठन में युवाओं को आगे लाने का लगातार प्रयास हो रहा है। शहर के तीनों मंडलों में युवा अध्यक्ष ने अच्छा कार्य किया जिससे उन्हें दोबारा अध्यक्ष का दायित्व मिला है। तीनों मंडलों की कार्यकारिणी में भी युवाओं को ही अधिक अवसर दिया गया है। पद राजनीति में काम करने का भाव देता है इसलिए सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पार्टी और उसकी विचारधारा के लिए जी जान से कार्य करें। श्री काश्यप ने कहा कि पार्टी की प्रत्येक गतिविधि में मंडल पदाधिकारी सक्रिय सहभागिता करें और बूथ एवं वार्ड संयोजकों से समन्वय बनाकर रखें। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में देश-प्रदेश में जो कार्य हो रहे हैं उन्हें जन-जन तक पहुंचाये। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के रूप में एक नीति तय कर दी है कि जब भी कोई आतंकी हमला होगा उसे युद्ध माना जाएगा। पाकिस्तान के हमलों का भी सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है और देश का पूरी दुनिया में मान बढ़ाया है। भाजपा नेतृत्व की उपलब्धियों से मत प्रतिशत बढ़ाने की जिम्मेदारी भी नए पदाधिकारियों पर है, जिसे सभी बखूबी निभाएं।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि मंडल कार्यकारिणी में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं की लम्बी फेहरिस्त थी, जिसमें से जिन्हें चुना गया वे अच्छा काम करें। काम के आधार पर ही कार्यकर्ता का आकलन होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ-सबका विकास का मूल मंत्र लेकर चलती है। मंडल पदाधिकारी इस मंत्र के साथ पार्टी को विस्तारित करने में जुट जाएं। आरंभ में मंत्री श्री काश्यप ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। पदाधिकारियों ने नियुक्ति पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## उद्योग जगत के आधारस्तंभ वरिष्ठ उद्योगपति पोरवाल द्वारा सपत्नीक देहदान की घोषणा

**रतलाम।** ग्रे मर्चेंट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष एवं सामाजिक व्यक्तित्व कांतिलाल चोपड़ा ने बताया कि रतलाम उद्योग जगत में पहली बार स्वयं प्रेरणा से सपत्नीक देहदान करने का अनूठा मामला प्रकाश में आया है। फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष, पोरवाल उद्योग समूह के प्रणेता वीरेंद्र पोरवाल एवं धर्मपत्नी नैना पोरवाल द्वारा संयुक्त रूप से इस आशय का निर्णय लिया गया। चोपड़ा ने कहा कि आप प्रसिद्ध अभिभाषक स्वर्गीय वरदीचंद पोरवाल के सपुत्र तथा उद्योग जगत के युवा उद्योगपति वरुण पोरवाल के पिता है। उद्योग के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में पोरवाल परिवार सदैव अग्रणी रहता हैं। उल्लेखनीय है की अभी हाल ही में सागोदिया जैन तीर्थ की प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर विशाल रथ यात्रा भी वीरेंद्र पोरवाल परिवार द्वारा आयोजित की गई थी। मालवा चेंबर के अध्यक्ष ललित पटवा, संदीप व्यास, इंद्र नारायण झालानी, अशोक तातेड, संजय बाफना, सुभाष जैन, जितेंद्र पाटीदार एवं अनेक उद्योगपतियों द्वारा आत्मीय भाव से अनुमोदन की है।





## लव जिहाद के खिलाफ प्रदर्शन : महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर जताया विरोध

**रतलाम।** प्रदेश में बढ़ते लव जिहाद के मामलों को लेकर सकल हिंदू समाज ने शुक्रवार को रतलाम कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि लव जिहाद के सुनियोजित अपराधों ने प्रदेश के जनमानस को झकझोर दिया है। इन मामलों में नाबालिग बालिकाओं, युवतियों और विवाहित महिलाओं को धर्म छिपाकर प्रेमजाल में फंसाया जा रहा है। यह केवल कुछ व्यक्तियों द्वारा किया गया अपराध नहीं, बल्कि प्रदेश की बेटियों के विरुद्ध एक संगठित षड्यंत्र है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में इन अपराधों के तार अंतरराज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका है, जो सामाजिक सदभाव और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंताजनक है। उन्होंने इन मामलों की जांच एनआईए से कराने की मांग की। प्रदर्शन में प्रीति पालीवाल, सुमित्रा शर्मा, प्रेमलता राय, श्रीकांता राठौड़, अनिता कटारिया समेत बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।



### एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में

## डॉ. नितिन मेहता, सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र, सैलाना द्वारा प्राथमिक उपचार पर दिया व्याख्यान

**रतलाम।**

21 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी, रतलाम द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 11 मई 25 से 20 मई 25 तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, सैलाना में आयोजित किया जा रहा है।

शिविर में कमान अधिकारी कर्नल संदीप अहलावत के नेतृत्व में प्रतिदिन सैन्य विषयो के प्रशिक्षण के अतिरिक्त सामाजिक विकास गतिविधीयों एवं नागरिक सुरक्षा हेतु व्याख्यान एवं डेमो का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य मकसद नागरिक सुरक्षा हेतु



ज्यादा से ज्यादा वालेन्टीयर कैडेटस को प्रशिक्षित करना है ताकि वे किसी भी आपदा के समय शासन की राहत एवं बचाव कार्य में मदद कर सके। नागरिक सुरक्षा हेतु कैडेटस को हथियारों का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है ताकि वे देश की द्वितीय रक्षा पंक्ति के रूप मे भी प्रशिक्षित होकर सदैव तत्पर रहे। शिविर में कैडेटस को हथियार खोलना, जोडना, शिस्थ लेना तथा टारगेट पर निशाना लगाने की विधियाँ सिखाई जा रही है।

सामुदायिक विकास गतिविधी के अंतर्गत डॉ नितिन मेहता, सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र, सैलाना द्वारा प्राथमिक उपचार पर व्याख्यान देकर बताया गया कि किसी भी घायल व्यक्ति को दुर्घटना के तुरंत बाद दिए जाने वाले उपचार को प्राथमिक उपचार कहते है। यदि हमें प्राथमिक उपचार की सही जानकारी हो तो हम किसी भी दुर्घटना के समय घायल व्यक्ति की जान बचाने में मदद कर सकते है। डॉ मेहता द्वारा विभिन्न दुर्घटनाओ में प्रदान किये जाने वाले सही प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। उनके द्वारा फ्रेक्चर, बेहोसी, छोटे-छोटे घाव, एसिड या अन्य जहरीले पदार्थ, सीपीआर तथा बिजली या करंट लगने पर दिये जाने वाले प्राथमिक उपचार के बारे मे विस्तार से कैडेटो को समझाया गया।

इस दौरान लेफ्टिनेंट योगेश कुमार पटेल, लेफ्टिनेंट हर्षवर्धन मेहसन, टी/ओ हरीश कुमार परिहार, मुन्नेश बघेल, सादात खान, परवेश परमार, संदीप राय, सुबेदार मेजर जयपाल सिंह, सुबेदार निजामुददीन, चन्दन परमार एवं समस्त पी.आई. एवं कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित थे।

# श्री महाराणा प्रताप जी के जन्मोत्सव पर निकलेगी भव्य शौर्य यात्रा

**रतलाम।**

श्री महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समिति द्वारा हिंदू वीर शिरोमणि श्री महाराणा प्रताप जी के 485 वें जन्मोत्सव पर्व पर 29 मई गुरुवार को सायं 4 बजे महलवाडा परिसर से निकलने वाली भव्य शौर्य यात्रा की रूपरेखा तय करने हेतु श्री महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समिति द्वारा समस्त राजपूत समाज संगठन की बैठक श्री महाराणा प्रताप सभागृह राजपूत धर्मशाला पर रखी गई।

बैठक में नरेंद्र सिंह चौहान संचालन करते हुए समस्त संगठनों के सदस्यों को शौर्य यात्रा की रूपरेखा बताई। शौर्य यात्रा सायं 4 बजे महलवाडा परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्रीमहाराणा प्रताप चौक पहुंचकर श्री महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भव्य आतिशबाजी की जायेगी।

**यह रहेंगे आकर्षण का केंद्र**



सर्वप्रथम प्रचारक रथ उसके पीछे बुलेट वाहन पर राष्ट्रीय तिरंगा और भगवा ध्वज लेकर राजपुत युवा चलेंगे, इनके पीछे घुड़सवार, बैंड, क्षत्रिय सरदार ढोल नगाड़े भगवा साफा धारण कर दुर्गा वाहिनी और चार रथ रहेंगे। 250 से अधिक समिति सदस्यों की टीम शौर्य यात्रा का मोर्चा संभालेगी। जिसमें पार्किंग से लेकर यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी भी रहेंगी। इसमें युवा जय भवानी जय महाराणा जय शिवाजी के उदघोष के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। उक्त जानकारी समिति के निखिलेश सिंह पंवार ने देते हुए बतलाया कि इस बैठक में विशेष रूप से राजेंद्र सिंह गोयल, विजय सिंह हारोड़, विजय सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह सोलंकी, शैलेंद्र सिंह देवड़ा, अजीत सिंह सांखला, महेन्द्र सिंह राठौर,जीवन सिंह चौहान, राम सिंह मौर्य,रघुवीर सिंह सांखला, विनोद सिंह सोढ़ा, क्षितिज सिंह खंगारोत्र, कमलेश सिंह भाटी, जितेंद्र सिंह सोलंकी, प्रवीण सिंह हारोड़, उज्जवल सिंह चौहान, नाहर सिंह गोयल,मयंक सिंह राठौर, हेमंत सिंह भाटी, मनोहर सिंह चौहान, सुरेंद्र सिंह वाघेला, सत्यनारायण सिंह सोलंकी,वीरेंद्र सिंह डोडिया, राम भवन सिंह कुशवाहा, प्रमोद सिंह चौहान, दूल्हे सिंह राठौर, धीरेंद्र सिंह राठौर, नवनीत सिंह देवड़ा, करण सिंह परिहार, जुझार सिंह गोयल, अमन सिंह चंद्रावत, प्रमोद सिंह चौहान, लक्ष्मण सिंह सांखला,करण सिंह सिसोदिया, नितेश सिंह राणावत, सुरेंद्र सिंह परिहार, लाखन सिंह चौहान,जया गोयल,किरण तंवर,किरण गोयल, रेखा सिसोदिया, कविता देवड़ा, प्रीति सोलंकी, राजेश्वरी राठौर,सीमा देवड़ा, भारती सोनगरा, अनीता सोलंकी, पूर्णिमा चौहान, मंजुला गहलोत,अनीता राठौर,मधु देवड़ा, राजकुमारी पंवार, श्वेता हांडा,शीतल चौहान, नीतू पंवार, सुनीता सांखला आदि बैठक बड़ी संख्या में संगठन सदस्य उपस्थित रहे एवं आभार वीरेंद्र प्रताप सिंह खंगारोत्र ने माना।






# देश में एक भी राजनीतिक समूह में आंतरिक लोकतंत्र नहीं

## जब हमें नागरिकता की जिम्मेदारी का बोध होगा तब आएगा देश में लोकतंत्र - झोकर

**इंदौर।** आईआईएम अहमदाबाद के पूर्व डायरेक्टर जगदीप झोकर ने कहा है कि जब हमारे देश के नागरिकों को नागरिक होने की जिम्मेदारी का एहसास होगा तब हमारे देश में हकीकत में लोकतंत्र आएगा।

इस समय जो राजनीतिक दल है वस्तुतः वह राजनीतिक समूह है और इनमें से किसी भी दल में आंतरिक लोकतंत्र नहीं है। वे आज यहां अभ्यास मंडल की 64वीं ग्रीष्मकालीन व्याख्यान माला को जाल सभागृह में संबोधित कर रहे थे। उनके संबोधन का विषय था- भारत में लोकतंत्र एवं चुनाव। वे एसोसिएशन आफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म के माध्यम से लोकतंत्र और चुनाव पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हम लोगों ने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका लगाई थी और यह आग्रह किया था कि देश की जनता को यह मालूम पडना चाहिए कि जो व्यक्ति चुनाव लड़ रहा है उसका आपराधिक रिकॉर्ड क्या है? इस याचिका पर न्यायालय के द्वारा निर्देश जारी किया गया और साथ में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी की वित्तीय पृष्ठभूमि की जानकारी भी देने के लिए कहा गया। इस निर्देश का पालन करने में चुनाव आयोग और भारत सरकार के बीच में एक मत स्थिति नहीं बन सकी। उस समय पर हमने देखा कि न्यायालय के फैसले का क्रियान्वयन रोकने के लिए सारे राजनीतिक दल एक हो गए थे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद श्रोताओं से सवाल किया कि देश में सरकार कौन चुनता है? तो जवाब आया कि हम यानी कि देश के नागरिक चुनते हैं। फिर यह पूछा गया कि जब हम मतदान के दिन मतदान केंद्र पर जाते हैं तो क्या करते हैं? तो जवाब आया कि हम वोट देते हैं। इस पर सवाल पूछा गया कि क्या हम किसी को भी वोट दे सकते हैं? तो जवाब आया कि नहीं जो प्रत्याशी हैं उनमें से किसी को भी वोट दे सकते हैं। फिर प्रश्न उठा की जो प्रत्याशी है यह कौन तय करता है, तो जवाब आया कि राजनीतिक दल तय करते हैं। फिर प्रश्न पूछा गया कि क्या हमारे द्वारा वोट देकर चुना गया प्रत्याशी संसद या विधानसभा में किसी भी प्रस्ताव पर अपनी इच्छा के अनुसार मत व्यक्त कर सकता है या वोट दे सकता है? तो जवाब आया कि नहीं। उसे अपनी पार्टी की व्हीप के अनुसार ही वोट देना होगा। इन सारे तथ्यों को सामने रखते हुए झोकर ने कहा कि इसी लिए कहा जाता है कि हमारे देश का लोकतंत्र खोखला है। हमारा देश हकीकत में लोकतांत्रिक देश नहीं है?। हम इस भ्रम में हैं कि हमारा देश लोकतांत्रिक देश है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के नागरिकों को जब तक खुद के नागरिक होने की जिम्मेदारी का एहसास नहीं होगा तब तक हमारे देश में लोकतंत्र नहीं आ सकता है। राजनीतिक दल के नाम पर पहचाने जाने वाले राजनीतिक समूह में से भी कोई भी ऐसा नहीं है जिसमें की अंदरूनी लोकतंत्र हो। उन्होंने कहा कि हमारे देश में चुनाव ईवीएम के माध्यम से होता है, यह मशीन बेलेटिंग यूनिट है जिसके साथ में कंट्रोल यूनिट, वीवीपेट और सिंबल लोडिंग यूनिट जुड़े हुए होते हैं। यह मशीन कितनी बेहतर तरीके से काम करती है इसका अंदाजा तो इसी बात से लगाया जा सकता है कि जितने वोट डाले जाते हैं और जीतने वोट गिने जाते हैं, उसकी संख्या में अंतर होता है। जिस दिन मतदान होता है उस दिन बताया जाता है कि 61त्न मतदान हुआ है और 11 दिन बाद मालूम पड़ता है कि 66% मतदान हुआ है। चुनाव की प्रक्रिया में हर स्तर पर गड़बड़ होती है। यदि हम यह सोचते हैं कि राजनीतिक दल इस गड़बड़ को ठीक करेंगे तो हम गलत सोचते हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो राकेश सिंघई ने कहा कि हमारे देश में चुनाव की वर्तमान व्यवस्था में यदि कोई लोकतांत्रिक है तो वह नोटा है। जिसे वोट देने का भी कोई मतलब नहीं है। नेपाल में राजतंत्र को हटाकर लोकतंत्र लाया गया और अब वही के नागरिक कह रहे हैं कि हमें वापस राजतंत्र चाहिए। अमेरिका में केवल दो दल है। हमारे देश में कई दल है। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत नेताजी मोहिते, डॉ जितेन्द्र जाखेटिया, यश जायसवाल, सेवानिवृत्त एडीजी अनिल कुमार, दिलीप वाघेला और मयंक शर्मा ने किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह निशा दुबे और दिलीप देव ने दिए। कार्यक्रम का संचालन ग्रीष्मा त्रिवेदी ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन अशोक कोठारी ने किया। डॉ विशाखा कुटुम्बले जीवन साहु, अनिल भोजे ,पी सी शर्मा आदी उपस्थित थे।

### आज होगा समापन

अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता और सचिव माला सिंह ठाकुर ने बताया कि कल शनिवार को अभ्यास मंडल की 64वीं ग्रीष्मकालीन व्याख्यान माला का अंतिम व्याख्यान होगा। यह व्याख्यान एम्स दिल्ली के पूर्व डायरेक्टर जनरल पद्मश्री डॉ रणदीप गुलेरिया के द्वारा दिया जाएगा। उनके विषय है बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में कुछ कदम।

# मेरी भावना को गलत तरीके से टर्न देकर प्रस्तुत किया जा रहा है

## आपरेशन सिंदूर पर भारतीय सेना को लेकर दिए विवादित बयान पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने दी सफाई

**इन्दौर ।** मध्यप्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा जबलपुर में सेना पर दिए विवादित वायरल बयान पर इन्दौर में खुलासा करते अपने बयान को तोड़मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाते कांग्रेस को विचलित बताया।



उपमुख्यमंत्री अपने जबलपुर प्रवास के पश्चात शुक्रवार देर शाम इन्दौर पहुंचे और यहां पत्रकारों से चर्चा की। डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने कहा कि जहां जरूरत होगी, वहां इसकी मामले में शिकायत जरूर करूंगा। इस घटनाक्रम से मेरी भावनाएं भी आहत हुई हैं। अपना पक्ष रखते हुए देवड़ा ने पत्रकारों से कहा कि मैं जबलपुर का प्रभारी मंत्री होने के नाते दो दिन से वहीं था। सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स का एक दिन का प्रशिक्षण शिविर था, उसमें मैं गया था और मैंने ऑपरेशन सिंदूर के मामले में कहा था कि... देश की सेना ने जो काम किया है। ऑपरेशन सिंदूर में उसकी जितनी सराहना की जाए उतनी कम है। देश की सेना के लिए देश की जनता उनके चरणों में नतमस्तक है, उनका पूरा सम्मान करती है। हमेशा देश की सेना ने देश की रक्षा के लिए काम किया है। हम उनका पूरी तरह से सम्मान करते हैं। मैंने ये कहा है। उन्होंने कहा कि मैंने पूरा सम्मान करने की बात कही है। देश की जनता सेना के चरणों में प्रणाम करती है, नतमस्तक है। देवड़ा ने सफाई देते कहा कि आप अच्छी तरह से वीडियो को देखेंगे तो पता चल जाएगा कि मेरी भावना को गलत तरीके से टर्न देकर प्रस्तुत किया जा रहा है।

मुझे लगता है या तो साजिश है या विचलित है। जो शब्द मैंने कहे वो सामने आना चाहिए। इस तरह से मेरी भावना भी आहत हुई है। सेना के बारे में कौन इस प्रकार का बोल सकता है। कांग्रेस इसे गलत तरीके से प्रस्तुत कर रही है। जो लोग ऐसा कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई होना चाहिए। मुझे जहां लगता है। वहां शिकायत जरूर करूंगा। वहीं केबिनेट मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के संदर्भ में दिए गए विवादित और आपत्तिजनक बयान पर देवड़ा ने कहा कि न्यायालयीन आदेश पर काम किया जा रहा है। बाकी निर्णय शीर्ष नेतृत्व के हाथ में है।

# भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और अदम्य साहस पर संपूर्ण देश को गर्व है :मुख्यमंत्री

**उज्जैन/इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को ऑपरेशन ''सिंदूर'' की सफलता पर उज्जैन और इंदौर में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल होकर संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सेना ने पाकिस्तान में दाखिल होकर दुश्मनों को नेस्तानाबूत किया। भारतीय सेना के शौय, पराक्रम और अदम्य साहस पर संपूण देश को गर्व है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि दो हजार वर्ष पहले सम्राट विक्रमादित्य ने अपने पराक्रम से विदेशी आक्रमणकारियों को पराजित कर देश से खदेड़ दिया था। आज फिर से हमारी सेना ने वही शौर्य और पराक्रम दिखाते हुए दुश्मन देश को धूल चटाने का कार्य किया है। देश के इतिहास में सबसे कम समय से जीत ऑपरेशन सिंदूर में मिली है मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि 1857 से लेकर 1947 तक देश ने आजादी के लिए संघर्ष किया। हजारों की संख्या में वीर सपूत बलिदान हुए। 1857 के पहले भी देश कई युद्ध लड़े और अपने शौर्य और पराक्रम से जीते हैं। लेकिन सैकड़ों सालों के इतिहास में ऑपरेशन सिंदूर में सबसे कम समय में भारत ने दुश्मन को हराकर घुटने टेकने पर मजबूत किया है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सेनाओं के शौर्य, पराक्रम का प्रतीक है। पूरा देश सेना के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़ा है।



उज्जैन में आयोजित तिरंगा यात्रा में पार्टी के संसदीय बोर्ड के सदस्य सत्यनारायण जटिया, प्रदेश शासन के मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद उमेशनाथ महाराज, अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालुहेड़ा, सतीश मालवीय, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव सहित सभी समाज के धर्मगुरू, सामाजिक व व्यापारिक संगठन के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। इंदौर की तिरंगा यात्रा में प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, प्रदेश महामंत्री व सांसद सुश्री कविता पाटीदार, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, महेन्द्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, इंदौर जिला अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित सभी समाज के धर्मगुरू, सामाजिक व व्यापारिक संगठन के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।

# वरिष्ठ पत्रकार अनुराग द्वारी आज जर्नी ऑफ ए जर्नलिस्ट कार्यक्रम में साझा करेंगे अपनी पत्रकारिता की यात्रा



**इन्दौर ।** वरिष्ठ पत्रकार एवं एनडीटीवी के कार्यकारी सम्पादक अनुराग द्वारी शनिवार, 17 मई को प्रातः 11 बजे अभिनव कला समाज़ सभागृह में स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के जर्नी ऑफ ए जर्नलिस्ट कार्यक्रम में मीडियाकर्मी एवं पत्रकारिता के छात्रों से रूबरू होंगे। इसी कड़ी में अनुराग अपनी पत्रकारिता की जीवन यात्रा , अपनी स्पेशल स्टोरीज, खबर के पीछे की रिसर्च और मेहनत को नई पीढ़ी से साझा करेंगे। यह इस तरह की चौथी कार्यशाला होगी। इसमें पूर्व वरिष्ठ पत्रकार संकर्षण ठाकुर, सुश्री रेणुका पुरी, हिमांशु शेखर मिश्रा इस आयोजन में भाग ले चुके हैं। कार्यशाला का आयोजन अभिनव कला समाज परिसर में सुबह 11 से शाम 5 तक होगा।

# जेडी गोलीकांड मामले में एक और गिरफ्तार, साजिद लाला ने दी थी सुपारी

**इन्दौर ।** गत 13 अप्रैल को बाणगंगा थाना क्षेत्र के कुख्यात बदमाश जितेंद्र दांगी उर्फ जेडी को चंदन नगर थाना क्षेत्र के बदमाश शाकिर काला और मोइन उर्फ इस्तयाक अब्बासी ने आजाद नगर थाना क्षेत्र में स्थित मैदान में गोली मारी थी गोली जेडी को पीठ में लगी थी। मामले में पुलिस ने शाकिर काला, मोइन, हेमू ठाकुर और चिंटू ठाकुर को आरोपी बना शाकिर काला को गिरफ्तार कर लिया था बाकी बदमाश हमले के बाद से ही फरार चल रहे थे। कल रात पुलिस ने आरोपी मोइन को भी महू में एक घर से गिरफ्तार कर लिया है। वह पुलिस से बचने के लिए पहली मंजिल से कूद गया था जिसके कारण उसके हाथ-पैरो में चोट आई है। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि उक्त गोलीकांड में चंदन नगर के सोहिल उर्फ गोलू का भी हाथ है गोलू ने बदनावर के गुंडे सजीद लाला से पांच लाख में जेडी को मारने की सुपारी ली थी। साजिद ने सुपारी क्यों दी यह कारण अभी सामने नहीं आया है। साजिद अलेखपुरा ( प्रतापगढ़ ) और उज्जैन के लाला गैंग का सदस्य है। जेडी की मारने की साजिश उसने जेल में रची थी। फिलहाल पुलिस मामले में और पूछताछ कर रही है।

# नाबालिग वाहन चोर गिरफ्तार, तीन गाड़ियां जब्त, घूमने के लिए चुराता नई गाड़ी

**इन्दौर ।** नई गाड़ियों पर घूमने के शौक के चलते नई नई गाड़ियां चुराने वाले एक नाबालिग वाहन चोर को पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल गिरफ्तार कर लिया है। मामला तुकोगंज थाना क्षेत्र का है। तुकोगंज थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने थाना क्षेत्र में में लगातार गाड़ियां चोरी होने की शिकायत दर्ज होने के चलते टीम को क्षेत्र में लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगालने में लगाया। सीसीटीवी फुटेज में टीम को कुछ चोर गाड़ी लेकर जाते दिखाई दिए। जिनमें से पहचान कर टीम ने जब एक चोर को पकड़ा तो वह नाबालिग निकला। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि उसे नई गाड़ियों पर घूमने का शौक था, इसके लिए वह अलग-अलग स्थानों से नई गाड़ियां चुराता था और मल्टी में छुपाकर रख देता था।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं RINKU YADAV W/O NITIN YADAV सर्व साधारण को सूचित करती हूँ कि मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरे माता का नाम RUKMA DEVI SINGHAL और पिता का नाम HAJARILAL SINGHAL दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरी माता का नाम RUKMANI AGRAWAL और पिता का नाम HAJARILAL AGRAWAL है जो कि सही है। अतः मेरी माता का नाम RUKMANI AGRAWAL और पिता का नाम HAJARILAL AGRAWAL मेरे पासपोर्ट में दर्ज किया जावे।

RINKU YADAV W/O NITIN YADAV
ADD.:- 17/5, PARSI MOHALLA CHAAWNI, INDORE MP. 452001

# गंजबासौदा के नौलखी मानस मंडल ने जीता पंचम सुंदरकांड पाठ प्रतियोगिता का पहला पुरस्कार

### संत,महात्माओं की उपस्थिति में रातभर चला आयोजन





**अमझेरा।** यहाँ गुरूवार की रात्री में पवनपुत्र सुंदरकांड मंडल अमझेरा द्वारा पंचम सुंदरकांड पाठ प्रतियोगिता का महंत घनश्यामदासजी महारात राजकोट गुजरात, ऋषिराज महाराजजी विष्वमंगल धाम तारेखेड़ी, रामदासजी महाराज जोधपुर, महंत बेलाजीदासजी महाराज सिकर, महंत गरूड़दासजी महाराज त्रिवेधीधाम फतियापुरा के मुख्य आतिथ्य एवं धार जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेड़ा, धार जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष पंडित छोटू शास्त्री, धार संगीत महाविद्यालय के देषराज वषिष्ठ, चौबिस अवतार मंदिर समिति देपालपुर के चिन्टू वर्मा, समाजसेवी बलबहादुरसिंह छड़ावद के विषेष आतित्य में संपन्न की गई जिसमें स्थानिय ग्रामिणजनों व क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रौतागणों ने रातभर चले इस भक्तिमय कार्यक्रम का आनंद उठाया। प्रतियोगिता में प्रत्येक मंडल ने 45 मिनीट में अपनी सुमधुर आवाज के साथ संगीत के लयबद्ध संयोजनव आकर्षक वेषभुषा के साथ सुंदरकांड पाठ के दोहे व चौपाईयो का गायन भजनों के साथ किया जिसमें नौलखी मानस मंडल गंजबासौदा की टीम ने इकसीत हजार व प्रतिक चिन्ह के साथ प्रथम पुरूस्कार प्राप्त किया जो उन्हे प्रतिभा पाठक की स्मृति में प्रदान किया गया इसके साथ ही द्वितीय पुरूस्कार अयोध्या मानस मंडल अयोध्या को पच्चीस हजार व प्रतिक चिन्ह चन्द्रषेखर शर्मा की स्मृति में तृतीय पुरूस्कार मां वक्रांगी मित्रमंडल राजसमद राजस्थान को बीस हजार रू. व प्रतिक चिन्ह उषा दीक्षित की स्मृति में, चतुर्थ पुरूस्कार श्रीरामदुत सुंदरकांड मंडल दाहोद गुजरात राजेन्द्रसिंह राठौर सलवा के द्वारा सोलह हजार व प्रतिक चिन्ह,पंचम पुरूस्कार श्रीराम सुंदरकांड मंडल टीकमगढ़ को तेरह हजार रू. अम्बाराम कुषवाही स्मृति में व षष्टम पुरूस्कार खेड़ापति सुंदरकांड मंडल नलखेड़ा को ग्यारह हजार रू. व प्रतिक चिन्हे प्रदान किये गये। प्रतियोगिता का आयोजन कराने वाले पवनपुत्र सुंदरकांड मंडल अमझेरा के ललीत शर्मा,अजय शर्मा के अपनी पुरी टीम के साथ विषेष प्रस्तुती दी गई जिस पर उपस्थित जनसमुदाय नाच उठा । कार्यक्रम की शुरूतार विष्वमंगल धाम तारखेड़ी मंडल के जनक रामायणी व अन्य कालाकारो के द्वारा म्हारा कीर्तन में रस बरसाओ भजन व हनुमान चालिसा के साि किया वहीं मंच को सुंदरकांड की टीम एवं ग्राम के कलाकारो के द्वारा शबरीमाता की झोपड़ी के रूप में आकर्षक रूप से सजाया गया था जो सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ था इसके साथ ही रातभर चले इस धार्मिक आयोजन में श्रोताओं के द्वारा निःषुल्क चाय व स्वल्पाहार की व्यवस्था की सभी के द्वारा सराहना की गई साथ ही मंच से दुर मुख्य मार्गो पर बडी स्क्रीन लगाई जिससे दुर व घर बैठे श्रोताओं ने उसका आनंद उठाया एवं पुरे कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया । आयोजन समिति के निलांबर शर्मा,षुभम दीक्षित,रवि पाठक, मुकेष पंडित, भगवानदास खंडेलवाल, मोहित शर्मा, युवराज चौहान, रितेष सोनी, नारायण दीक्षित,गोपाल सोनी,विजय दीक्षित सहीत अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीपसिंह पंवार के द्वारा किया गया।

# पंचायतों में ई केवायसी का कार्य जोरों पर कर्मचारी लगे मुस्तेदी से

### नेटवर्क परेशानी के चलते करना पड़ रही ग्रामीण क्षेत्रो में मशक्कत





**बाग।** शासन के निर्देश अनुसार प्रत्येक व्यक्ति की ई केवायसी अनिवार्य करने के साथ ही हर पंचायत इस्तर पर ई केवायसी कार्य सरपंच सचिव रोजगार सहायक एवं मोब्लाईजर के द्वारा मुस्तेदी से किया जा रहा है । इसमें शासकीय उचित मुल्य के कर्मचारी भी लगे हुए हे जो राशन दुकान के ग्राहकों की ई केवायसी कर रहै ।

ग्राम पंचायत अखाड़ा की मोब्लाईज ने इस कड़ी धूप में ई केवायसी कार्य को मुस्तेदी से अंजाम देते हुए । अपने टारगेट के शिखर तक पहुंच चूकी है । मोब्लाईजर ममता लोहारे बताया की ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत सारी समस्याए भी आती हे उसके बावजूद शासन के निर्देश का पालन करते हुए ई केवायसी के कार्य को अंजाम दिया जा रहा है ओर घर घर जाकर लोगों को जागरुक कर ई केवायसी करवाई जा रही है ।जिसमें हमारी सफलता में पंचायत मे टोटल 2287 ई केवायसी में सदस्य बाकी थे उसमें हमारे द्वारा 1477 वेरीफाई कर दिए हे अब सिर्फ 809 पेंडिंग हैं । इसी के साथ तकरीबन 64,58 प्रतिशत हमारे यहां ई केवायसी हो चूकी है साथ ही लोगों को इसके लिए बड़ा समझाना भी पड़ रहा हे ओर इसके फायदे भी बताए जा रहे हे तभी जाकर लोग इसके लिए एग्रि होते हे मोब्लाईजर ममता का सार्थक प्रयास से बहुत ही कम लोग ई केवायसी के लिए बचे हैं। नेटवर्क प्राब्लम के चलते पहाड़ों ओर छतो पर चढ़कर ई केवायसी की जा रही है । ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क प्राब्लम के चलते ई केवायसी कर रहे कर्मचारियों को बड़ी मशक्कत का सामना भी करना पड़ रहा हे जो मकानों की छतों और पहाड़ीयों पर चढ़कर ई केवायसी की जा रही है । ग्राम पंचायत पाडल्या में पंचायत कर्मचारी सचिव रोजगार सहायक मोब्लाईजर घर घर जाकर कार्य को अंजाम दे रहे हैं ग्राम पंचायत पाडल्या कै सचिव अशरफ खान ने बताया की शासन के निर्देशानुसार डोर टु डोर जाकर ई केवायसी की जा रही हे उसमें कहीं समस्या भी आ रही हे बहुत से लोग घर? नहीं मीलते तो अभी ग्रामीण क्षेत्रों में शादी ब्याह भी चलने से दिक्कते आ रही है साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की बड़ी समस्या रहती है । उसके लिए कभी किसी मकान की छत पर तो कभी पहाड़ी पर चढ़कर कार्य को करना पड़ रहा है । उसके बावजूद हमारी टीम ने पाडल्या में कुल 1940 मेसे 1355 की ई केवायसी कर के 69,55 प्रतिशत कार्य पुरा कर लिया है।




# कुक्षी में दिव्यांग बच्चों को उपकरण किए वितरित

**कुक्षी।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिला शिक्षा केन्द्र धार के निर्देशन में जनपद शिक्षा केन्द्र कुक्षी में दिव्यांग बच्चो को चिन्हांकन उपरांत उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में संजय राठेर पार्षद एवं सभापति नगर परिषद कुक्षी के द्वारा चिन्हित 10 दिव्यांग बच्चो को उपकरण वितरित किये गये। इस दौरान एलमिको जबलपुर के दिलीप कुमार वर्मा, पिंटू कुमार, राज राघव ने उपकरण के उपयोग के बारे बताया गया। बच्चो को 100 रु नगद परिवहन एवं भोजन के प्रदाय किये गये। बच्चो को बिस्किट के पैकेट एवं कॉपी पेन भी ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के द्वारा दिये गये। इस अवसर बी आर सी सीताराम डाबर, बी एस सी शिवराम पाटीदार , हीरासिंह मंडलोई, सचिन मालवीया, रजनी अलनसे , साक्षरता प्रभारी गलसिंह चौहान बाग एम आर सी पवन सोनी जनशिक्षक सुरेंद्र गुंजाल उगरसिंह सिसोदिया संकुल सह समन्वयक आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन दिव्यांग प्रभारी मुकेश पाटीदार ने एवं आभार प्रदर्शन बी आर सी डाबर सर ने किया।

# शादी समारोह में गए व्यक्ति की मधुमक्खियों के हमले से मौत

**अमझेरा।** ग्राम जलोख्या के रहने वाले भमरसिंह पुत्र बालू वाखला उम्र 40 वर्ष की मधुमक्खियों के डंक मारने से शुक्रवार को मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई शैतान वास्केल ने जानकारी देते हुए बताया कि भमरसिंह हमारी बहन के घर ग्राम धोलाहनुमान में शादी के कार्यक्रम में मामेरा करने के लिए गया था वहाँ मधुमक्खियों ने उस पर बुरी तरह से हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई । मृतक को अमझेरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहाँ डॉ.सुषांतसिंह बहादुर के द्वारा भमरसिंह को मृत घोषित किया गया तथा बताया कि मधुमक्खियों ने मृतक के सीर पर व पुरे शरीर पर जगह-जगह डंक मारे गये थे जिससे उसकी मौत हो गई । अमझेरा पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है।



# ग्रीष्म अवकाश दो माह कर जुलाई से शिक्षा सत्र शुरू करने की मांग

### ग्रीष्म अवकाश में आ रही परीक्षा आगे बड़ी, शिक्षकों को मिली राहत

**डही।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित कक्षा पांचवी और आठवीं बोर्ड की द्वितीय अवसर परीक्षाएं ग्रीष्म अवकाश में 22 मई से शुरू होने वाली थी। कर्मचारी संगठनों की मांग पर यह परीक्षाएं अब आगे बढ़ा दी गई है। अब इन दोनों कक्षाओं की द्वितीय अवसर वार्षिक परीक्षाएं ग्रीष्म अवकाश 31 मई पूरा होने के बाद 2 जून से शुरू होगी। इससे शिक्षकों को बड़ी राहत मिली है।

मप्र ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन ने इसके लिए राज्य शिक्षा केंद्र का आभार व्यक्त किया है। संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी इरफान मंसूरी डही ने बताया कि शिक्षकों का ग्रीष्म अवकाश 1 मई से 31 मई तक लागू है। लेकिन इस एक माह के ग्रीष्म अवकाश यानी विश्राम अवकाश में भी शिक्षकों से प्रशिक्षण सहित अन्य कार्य लिए जा रहे हैं। साथ ही 22 मई से पूर्व निर्धारित समय सारणी अनुसार कक्षा पांचवी और आठवीं की द्वितीय अवसर वार्षिक परीक्षाएं शुरू होने के निर्देश दिए गए थे। ऐसे में कई शिक्षकों को मई के अंतिम सप्ताह में परीक्षाएं संचालित करनी पड़ती। ऐसे में शासन से मांग की जा रही थी की परीक्षाएं आगे बढ़ाई जाए। शिक्षकों के लिए एक जून से विद्यालय लगने प्रारंभ हो जाएंगे। जबकि विद्यार्थियों के लिए 16 जून से स्कूल लगेंगे। ऐसे में अब पांचवी- आठवीं द्वितीय अवसर की वार्षिक परीक्षाएं दो जून से शुरू होने से शिक्षकों को बड़ी राहत मिलेगी। इधर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डीके सिंगौर और धार जिला अध्यक्ष शैलेश मालवीय ने बताया कि शिक्षकों के ग्रीष्म अवकाश लगातार कम किए जा रहे हैं। अब तो एक माह के ग्रीष्म अवकाश में भी शिक्षकों से कई कार्य लिए जाने लगे हैं। ऐसे में उन्हें पूरी तरह से विश्राम अवकाश का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। उनका तो यहां तक कहना है कि शासन ग्रीष्म अवकाश को पूरी तरह खत्म कर शिक्षकों को भी अन्य कर्मचारियों की तरह प्रति शनिवार के अवकाश का लाभ प्रदान करें। संगठन के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष मुकेश पाटीदार, महासचिव शिरीन कुरैशी, सुरेश यादव, मनीष पवार, संयुक्त सचिव अरूण कुशवाह, ब्लॉक अध्यक्ष सरूपचंद मालवीया का कहना है कि अप्रैल और जून में शुरू होने वाला शिक्षण सत्र अब तक सफल नहीं हो पा रहा है। शिक्षकों की लाख कोशिश के बावजूद बच्चे पूरी तरह से स्कूल नहीं आ पाते हैं। साथ ही गर्मी के दौर में उनके स्वास्थ्य की चिंता भी बनी रहती है। वहीं विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की मानसिकता पूर्व की तरह जुलाई में ही स्कूल आने की बनी हुई है। ऐसे में मई और जून दो माह का ग्रीष्म अवकाश प्रदान कर जुलाई से ही नया शिक्षा सत्र शुरू किया जाए तो ज्यादा बेहतर रहेगा।



## फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

इंदौर। साईंधाम फुटबॉल क्लब कोदरिया द्वारा सरदार पटेल स्कूल मैदान पर 15 वें फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारभ किया गया। यह शिविर 15 मई से 25 मई तक आयोजित किया जाएगा शिविर में फुटबॉल की बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। बालिकाओं को भी फुटबॉल प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में प्रतिदिन खिलाड़ियों को पौष्टिक आहार दिया जाएगा। शुभारंभ के मुख्य अतिथि संरक्षक इंदरलाल केलोत्रा,अनील सुले, दिनेश गुर्जर, हेड कोच ओ पी बाथम, तथा देवेंद्र पाटीदार उपस्थित रहे। शिविर में शामिल बालक और बालिकाओं से परिचय प्राप्त किया आभार प्रवीण कांबले ने व्यक्त किया।

## एमवायसीसी द्वारा आयोजित नमन कोठारी मेमोरियल अंडर-12 टी-20 क्रिकेट स्पर्धा




इंदौर। एमवायसीसी द्वारा नमन कोठारी मेमोरियल अंडर-12 टी-20 क्रिकेट स्पर्धा का फायनल एमवायसीसी व सीसीआई के बीच जिमखाना मैदान पर खेला गया । सीसीआई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 113 रन बनाए, जिसमें ईरमन जौत ने 50 रन व अध्विक बुंदेला 28 रनों का योगदान दिया वही एमवायसीसी की ओर से अंष लोधी व सुमित पाटीदार ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में एमवायसीसी की टीम 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 109 रन ही बना सकी और यह मैच सीसीआई ने 4 रनों से जीत कर विजेता बना । एमवायसीसी की ओर से प्रीत चोपडा ने 39 रनो का योगदान दिया वही सीसीआई की ओर से कुष कुमावत व अविरत मिषाल ने 2-2 विकेट लिए । मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में एमपीसीए के सचिव श्री संजीव राव, एमपीसीए सदस्य श्री करणसिह शेखावत व अंतराष्ट्रिय अम्पायर अक्षय तोथरे मौजूद रहे तथा विजेता टीम को पुरस्कृत किया ।

## डेविना, दीप और आकाश फाइनल में

इंदौर। देविना, दीप मुनीम और आकाश नंदवाल शुक्रवार को दूसरी रैंकिंग टेनिस चैंपियनशिप के अपने-अपने वर्ग के फाइनल में पहुंच गए। लड़कियाँ-यू-12 -देविना धूपर ने अवनि को 4-6, 7-5, 6-4 से हराया,आन्या.आर बनाम आशना.एस 6-1 6-1 पुरुष एकल- दीप मुनीम ने खुशविन को 6-4, 6-3 से हराया, आकाश नंदवाल ने मयंक को 6-0, 6-0 से हराया, अंडर-18 लड़के कनिष्क खतूरिया ने अमान खान 6-1 6-1से हराया , ध्रुव सोनी को लवराज ने 6-4, 6-4 से हराया, अंडर-14 लड़के, आराध्या मिश्रा ने त्रिशित धवन को 6-2,6-2 से हराया ,अलमीर ने एडविक को 3-6 6-1 6-4 से हराया , पुरुष युगल, पराक्रम-अर्णव ने शेखर तिवारी-मनीष को 6-0 6-2से हराया केशव-अज़हर ने कुश मनवीर को 6-2 7-5 से हराया?

# पाटीदार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं: बोबट

**नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक मो बोबट ने कहा कि कप्तान रजत पाटीदार उंगली की चोट से उबरने के बाद अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने फिर से बल्लेबाजी शुरू कर दी है, जबकि जोश हेजलवुड के लिए उनकी उम्मीदें बनी हुई हैं, जो कंधे की चोट से उबरने के लिए दिन-प्रतिदिन बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।**




आरसीबी 11 मैचों में आठ जीत हासिल करने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ में प्रवेश करने के लिए तैयार है, और अंतिम चार चरण में अपनी जगह पक्की करने के लिए उसे बस एक और जीत की जरूरत है। आरसीबी शनिवार को अपने घरेलू मैदान एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल 2025 अभियान फिर से शुरू करेगी। रजत का खेल अच्छा चल रहा है। उसके हाथ में चोट लगी थी, लेकिन वह धीरे-धीरे ठीक हो रहा है। उसके लिए व्यक्तिगत रूप से, शायद व्यवधान ने उसे कुछ और दिन दिए ताकि वह शुरुआती उपचार से गुजर सके, और सूजन कम हो सके, और उसे फिर से बल्लेबाजी करने की आदत हो सके। उसने पिछले कुछ दिनों से अभ्यास किया है, और वह अच्छा खेल रहा है। जोश के साथ, वह हमारा एकमात्र खिलाड़ी है जो इस समय यहाँ नहीं है। वह अपने कंधे की चोट से उबर रहा है। वह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ ऐसा कर रहा है।

भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पार तनाव के कारण टूर्नामेंट को एक सप्ताह के लिए स्थगित किए जाने से पहले, आरसीबी ने देवदत्त पडिक्कल के प्रतिस्थापन के रूप में भारत के बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को शामिल किया था, जिनका अभियान हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण समाप्त हो गया था।

## कोदरिया में फुटबाल प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

महू ( इंदौर समाचार)साई धाम फुटबॉल क्लब कोदरिया द्वारा सरदार पटेल स्कूल मैदान पर 15 वे फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारभ किया गया क्लब के सचिव प्रवीण कांबले ने बताया की यह शिविर 15 मई से 25 मई तक आयोजित किया जाएगा शिविर में फुटबॉल की बारीकियों से अवगत कराया जाएगा और शिविर में बालिकाओं को भी फुटबॉल प्रशिक्षण दिया जाएगा शिविर में प्रतिदिन खिलाड़ियों को पौष्टिक आहार दिया जाएगा शिविर के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में शिविर संरक्षक इंदरलाल केलोत्रा अनील सुले दिनेश गुर्जर हेड कोच ओ पी बाथम उपस्थित रहे और शिविर में शामिल बालक और बालिकाओं से परिचय प्राप्त किया आभार प्रवीण कांबले ने व्यक्त किया

### बच्चे नियमित खेलों से जुड़ेंगे तो, शारीरिक विकास होगा- न्यायधीश खलगांवकर

## 45वें ग्रीष्म कालीन बैडमिंटन शिविर का समापन



**इंदौर/÷खेलों से बच्चे जुड़ेंगे तो वे मोबाइल से तो दूर रहेंगे ही,उनका शारीरिक विकास भी होगा जो बहुत जरुरी है,÷ उक्त विचार मप्र उच्च न्यायालय के न्यायधीश संजीव एस खलगांवकर ने इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन के 45 वें ग्रीष्मकालीन बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर के समापन और पुरस्कार वितरण समारोह में व्यक्त किए,**

नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हाल में इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन द्वारा आयोजित 45 वें ग्रीष्मकालीन बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर का समापन मप्र उच्च न्यायालय के न्यायधीश संजीव एस खलगांवकर के मुख्य आतिथ्य में हुआ, अतिरिक्त सालिसीटर जनरल हिमांशु जोशी ने अध्यक्षता की, अतिथियों का स्वागत इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन अध्यक्ष अनिल भंडारी, सचिव आर पी सिंह नैयर और सह सचिव धर्मेश यशलहा, शिविर संयोजक मनीष त्रिवेदी आदि ने किया, सुधांशु व्यास ने संचालन किया, अनिल भंडारी ने स्वागत उदबोधन दिया, प्रशिक्षक सुधांशु व्यास और रुबी नैयर को भी सम्मानित किया गया, शिविरार्थियों के लिए विभिन्न आयु वर्गो की बैडमिंटन स्पर्धा भी हुई, अनवि अग्रवाल, जानवी पालीवाल, हनिषा नालकानी, अर्जुन बार्गली, कुश मोटवानी और देवांश व्यास पहले स्थान पर रहे, सोफिया जेन्सोन, ग्लोरिया पथलोड, सिद्धि का कलेजा, हर्षित वर्मा, लव मोटवानी और नजानम जैन दूसरे स्थान पर रहे, पहले तीन स्थान प्राप्त सभी खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र अतिथियों ने वितरित किए, न्यायधीश संजीव एस खलगांवकर ने अपने उदबोधन में कहा कि आजकल बच्चों को मोबाइल से दूर रखना बहुत जरुरी है जिसमें खेलों का अहम योगदान हो सकता है, बच्चे नियमित खेलेंगे तो स्वस्थ भी रहेंगे, उनकी शारीरिक दक्षता बढ़ेगी जिसका फायदा हर क्षेत्र में मिलेगा, उन्होंने इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन की खेल गतिविधियों की निरंतरता की सराहना भी की , उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों से ही खेलों का माहौल बनता हैं

## टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में खेले गए रोमांचक मुकाबले



महू (इंदौर समाचार) महू के ग्राम भगोरा मैं खेली जा रही बंधु श्री क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का छठा दिन बेहद रोमांचक रहा। जानकारी देते हुए हुकम सिंह आंजना ने बताया कि कुल 6 मुकाबले खेले गए, जिनमें स्थानीय युवाओं की शानदार भागीदारी रही। पहला मुकाबला केशव पार्क 11 और चौरड़िया 11 के बीच खेला गया, जिसमें चौरड़िया 11 ने विजय प्राप्त की। दूसरे मुकाबले में चौपाटी ने रामपुरिया को हराया। तीसरे मुकाबले में अंबा चंदन की टीम ने भगोरा पर जीत दर्ज की। इसके अलावा तीन अन्य मुकाबले भी हुए, जो दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण रहे। मुख्य अतिथि करण सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में शंकर लाल नाहर, अशोक पटेल , केसर सिंह आंजना, बालू सिंह गोयल, कमसिन आंजना, राहुल आंजना, आदित्य अंजना, निलेश अंजना, संजना, सोनू अंजना, रोहित गोयल समेत बड़ी संख्या में युवा साथी व खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गौरव वंदना का आयोजन भी किया गया, जिसने माहौल को गरिमामय बना दिया। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना और ग्रामीण क्षेत्र में क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।

## वानखेड़े स्टेडियम में अपने नाम से स्टैंड के साथ खेलना विशेष एहसास-रोहित



मुंबई- भारत के वरिष्ठ बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि वानखेड़े स्टेडियम में एकदिवसीय मैचों में भारत की जर्सी में खेलना उनके लिए विशेष एहसास होगा, जहां शुक्रवार को उनके नाम पर एक स्टैंड का नाम रखा गया था। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने वानखेड़े स्टेडियम में रोहित, पूर्व भारतीय कप्तान अजीत वाडेकर और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष शरद पवार के नाम पर एक-एक स्टैंड का नाम रखा। 7 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले रोहित ने कहा, मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि आज क्या होने वाला है। आप कई मील के पत्थर हासिल करने की कोशिश करते हैं, लेकिन ऐसा कुछ वास्तव में विशेष है, क्योंकि वानखेड़े एक प्रतिष्ठित स्टेडियम है और यहां कई यादें बनी हैं। खेल के महान खिलाड़ियों और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ राजनीतिक नेता के साथ यहां मेरा नाम होना, मैं अपनी भावना को व्यक्त नहीं कर सकता। मैं बहुत आभारी हूं। मैं अभी भी खेल रहा हूं और दो प्रारूपों से संन्यास ले चुका हूं। रोहित ने कहा, जब मैं 21 तारीख को (आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए) खेलूंगा और यहां स्टैंड पर खेलूंगा तो यह मेरे लिए एक अद्भुद अनुभव होगा। जब मैं यहां देश का प्रतिनिधित्व करूंगा तो यह मेरे लिए विशेष होगा।

## फिबा वर्ल्ड बास्केटबॉल वार्षिक बैठक में भाग लेने हेतु कुलविंदर सिंह गिल बहरीन रवाना



इन्दौर (ई) बास्केटबॉल खेल के वैश्विक विकास, नीतियों में सुधार, एवं नए अवसरों की खोज को लेकर विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से बहरीन में फिबा वर्ल्ड बास्केटबॉल वार्षिक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक में भाग लेने के लिए मध्यप्रदेश बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष एवं बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव कुलविंदर सिंह गिल बहरीन के लिए रवाना हुए। मध्यप्रदेश बास्केटबॉल संघ के महासचिव अविनाश आनंद ने बताया कि इस वैश्विक बैठक में विश्वभर के सभी देशों के बास्केटबॉल महासंघों के अध्यक्ष एवं महासचिव भाग लेंगे।

### स्क्रीन पर दुश्मन, पर्दे के पीछे दोस्त



'जमाई नं. 1' में शो का एक जबर्दस्त मोमेंट तब सामने आया, जब सायली (सोनल वेंगुर्लेकर) और ऋद्धि (सिमरन कौर) के बीच एक धमाकेदार डांस फेसऑफ हुआ। जहां स्क्रीन पर इस सीन ने ग्लैमर, टेंशन और इमोशंस सामने लाए, वहीं पर्दे के पीछे यह सोनल के लिए एक पर्सनल जीत थी, क्योंकि इस परफॉर्मेंस के लिए उन्हें अपने कम्फर्ट ज़ोन से काफी बाहर निकलना पड़ा। शो में सायली का किरदार एक ट्रेन्ड डांसर के तौर पर दिखाया गया है, लेकिन असल में सोनल ने कभी प्रोफेशनल डांस नहीं किया। खुद सोनल मानती हैं कि डांस हमेशा से उनकी कमजोर कड़ी रहा है। ऐसे में जब स्क्रिप्ट ने एक जबर्दस्त डांस बैटल की मांग रखी, तो पीछे हटने के बजाय उन्होंने इस चुनौती को पूरे दिल से अपनाया। कम वक्त में तैयारी करनी थी, इसलिए सोनल ने खुद को रिहर्सल्स में झोंक दिया, कोरियोग्राफर के साथ दिन-रात मेहनत की । सिमरन ऑनस्क्रीन उनकी प्रतिद्वंदी हैं लेकिन ऑफस्क्रीन सबसे बड़ी सपोर्टर बन गईं।

### कृष्णा श्रॉफ-जिम गर्ल फिटनेस की दीवानी



कृष्णा श्रॉफ ने फिटनेस के लिए अपने व्यक्तिगत जुनून को एक अभूतपूर्व व्यावसायिक में बदल दिया है, और वे दुनिया की उन गिनी-चुनी महिला उद्यमियों में से एक हैं जिन्होंने मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) को बढ़ावा देने के लिए खुद को समर्पित किया है। लेकिन जो बात कृष्णा को अन्य फिटनेस गुरुओं से अलग बनाती है, वह है भारत में एमएमए के लिए उनका व्यापक दृष्टिकोण। यह केवल एक ट्रेंडिंग खेल में निवेश करने का मामला नहीं था, उन्होंने अपने स्क्रूमैट्रिक्स व्यवसाय के ज़रिए जमीनी स्तर से प्रतिभाओं को निखारना चुना। पेशेवर रूप से इस प्रारूप को अपनाने की इच्छा रखने वाले उम्मीदवारों को शुरुआत से ही प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान करने के इरादे से, कृष्णा ने खुद को एक ऐसा व्यवसाय बनाने के लिए समर्पित कर दिया है।

### सैयामी खेर ने शूटिंग से लिया ब्रेक

अभिनेत्री और एथलीट सैयामी खेर ने मुंबई की भागदौड़ और अपनी शूटिंग की व्यस्तता से ब्रेक लिया है और अब वह नासिक पहुंच गई हैं, जहां वह अपनी आने वाली आयरनमैन ट्रायथलॉन के लिए गंभीर तैयारी कर रही हैं। यह दुनिया की सबसे कठिन एंड्योरेंस रेस में से एक मानी जाती है। 2024 में उन्होंने पहली बार इसमें हिस्सा लिया था और आधी मैराथन पूरी कर इतिहास रचा था। अब वह लगातार दूसरे साल इस अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में हिस्सा लेने जा रही हैं। फिटनेस के प्रति अपनी लगन और अनुशासित जीवनशैली के लिए पहचानी जाने वाली सैयामी मानती हैं कि नासिक, उनका होमटाउन, शांति और प्राकृतिक वातावरण के कारण ट्रेनिंग के लिए सबसे सही जगह है।



### मानुषी मालिक और तेहरान के साथ सफल वर्ष के लिए तैयार!

मालिक और तेहरान÷ मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर का 2025 का जन्मदिन उनके करियर में एक रोमांचक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर अपना जन्मदिन मना रही हैं, मानुषी छिल्लर अपने बॉलीवुड करियर में एक नए अध्याय की शुरुआत करने जा रही हैं, जिसे उनका अब तक का सबसे परिवर्तनकारी वर्ष कहा जा सकता है। रिलीज़ के लिए पाइपलाइन में दो प्रमुख फ़िल्में हैं, मालिक, एक गैंगस्टर ड्रामा, जिसमें वह राजकुमार राव के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी, और तेहरान, एक जियो-पॉलिटिकल थ्रिलर फ़िल्म जो सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसमें वह जॉन अब्राहम के साथ नज़र आएंगी, मानुषी के प्रशंसक मिस वर्ल्ड को फिर से एक्शन में देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। इन दोनों फिल्मों में मानुषी बिल्कुल नए और अनदेखे अवतारों में नज़र आएंगी, जो दर्शकों की सोच को चुनौती देने के साथ-साथ उनकी अभिनय क्षमता और बहुआयामी प्रतिभा को सामने लाएंगी।



### शाहरुख़ ख़ान ने किया सरप्राइज विजिट



विश्व सिनेमा के सुपरस्टार और दिलों की धड़कन, शाहरुख़ ख़ान ने हाल ही में लंदन में कम फॉल इन लव - द डीडीएलजे म्यूज़िकल के रिहर्सल स्थल पर अचानक पहुंचकर सबको चौंका दिया। 1995 की आइकोनिक हिंदी रोमांटिक फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के इस मंचीय रूपांतरण का यूके प्रीमियर मैनचेस्टर ओपेरा हाउस में 29 मई से 21 जून 2025 के बीच होने वाला है।जैना पंड्या (जो म्यूज़िकल में सिमरन की भूमिका निभा रही हैं) ने कहा÷ शाहरुख़ ख़ान से मिलना और उन्हें रिहर्सल रूम में पाकर बहुत बड़ा सम्मान था। एशले डे (जो रॉज़ की भूमिका में हैं) ने कहा÷जब वे हमारे बीच आए, तो पूरा माहौल ही बदल गया। वो एक ऐसा क्षण था, जिसे शब्दों की आवश्यकता नहीं थी - बस भावनाओं से भरा हुआ।

### पुलकित ने कृति के साथ मनाया जश्न



अपनी आगामी और बहुप्रतीक्षित सीरीज़ ग्लोरी में एक इंटेंस बॉक्सर के रूप में ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर सुर्खियों में रहे पुलकित सम्राट ने इस प्रोजेक्ट की शूटिंग पूरी कर ली है। इस जबरदस्त सफर के समापन को खास अंदाज़ में सेलिब्रेट करते हुए पुलकित ने एक रैप-अप पार्टी रखी, जिसमें उनकी पत्नी और अभिनेत्री कृति खरबंदा और ग्लोरी की पूरी टीम मौजूद रही।इस मौके पर कपल ब्लैक आउटफिट में ट्विन करते हुए नजर आया÷उनकी सादगीभरी स्टाइल और कैमिस्ट्री ने सभी का दिल जीत लिया। इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए पुलकित ने लिखा÷ सीज़न रैप!।कई लोगों की मेहनत लगी है इस प्रोजेक्ट में! इस सेट पर काम करने की जो रफ्तार, जोश और एक्साइटमेंट था, वो अब भी दिल में है!! अब बेसब्री से इंतजार है कि दुनिया देखे हमारे जुनून को!!

### कान्स में उर्वशी रौतेला का लुक 155.86 मिलियन डॉलर का है

कान्स में उर्वशी रौतेला की अद्वितीय शैली और आभा ने इंटरनेट उपयोगकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया है और किस तरह से। मीडिया की रिपोर्टों से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि कान्स में उर्वशी रौतेला का कुल लुक 155.86 मिलियन डॉलर की आश्चर्यजनक राशि का है। लुक में माइकल सिंको की उनकी प्रभावशाली पोशाक शामिल है, जो 4.84 मिलियन की आश्चर्यजनक राशि के लायक है। यह मैक्सिकन कला के एक उत्कृष्ट मोज़ेक से बना है जिसका डिजाइन, शिल्प कौशल, सांस्कृतिक प्रेरणा और ब्रांड की प्रतिष्ठा के कारण उच्च मूल्य है, विशेष रूप से इस तथ्य के लिए कि इसकी कीमत 2022 मेट गाला में किम कार्दशियन के एटुएंडो से अधिक है। यह हजारों घंटों के हाथ से किए गए काम का एक शानदार परिणाम है। इसके प्रभावशाली गहनों का मूल्य 151 मिलियन डॉलर की आश्चर्यजनक राशि में है, जिसमें मौसेफ रेड डायमंड, ओपेनहाइमर ब्लू डायमंड, ड्रेसडेन ग्रीन डायमंड और टिफ़नी येलो डायमंड शामिल हैं,



### माँ होना सबसे खूबसूरत एहसास

अभिनेत्री सारा अरफीन खान अब दो प्यारे जुड़वाँ बच्चों, अलीज़ा (लड़की) और ज़िदान (लड़का) की एक गर्वित और खुश माँ हैं। धरती पर किसी भी अन्य माँ की तरह, मातृत्व को अपनाने के बाद से यह उनके लिए एक भावनात्मक रोलरकोस्टर की सवारी रही है। सारा 2019 में जुड़वाँ बच्चों की माँ बनीं और कोई आश्चर्य नहीं, तब से उनके और उनके साथी अरफीन खान के लिए यह एक खुशहाल समय रहा है। जब सारा अरफीन खान से पूछा गया कि उनके लिए मातृत्व का क्या मतलब है, तो सारा थोड़ी भावुक हो गई और बोलीं, ÷मातृत्व एक बेहद खास भावना है और जब तक आप मां नहीं बन जातीं, तब तक आप इस भावना को महसूस करने के करीब पहुंच सकती हैं, लेकिन इसका अनुभव नहीं कर सकतीं। बचपन में मैं हमेशा अपनी मां के करीब रही हूं और जब से मैं मां बनी हूं, मैंने अपने बच्चों के लिए भी वैसी ही जगह बनाई है।



# अमेरिकी वीजा के लिए 1 साल की वेटिंग



इंदौर। एमपी से यूएसए जाने के इच्छुक टूरिस्टों को अब वीजा के लिए दो साल तक इंतजार करना पड़ रहा है। टूरिस्ट वीजा के लिए बायोमेट्रिक और इंटरव्यू अपॉइंटमेंट की वेटिंग समय बढ़कर 24 महीने से ज्यादा हो गई है। ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के एमपी-सीजी अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह जादौन के मुताबिक, एमपी के 5 हजार से अधिक लोगों के यूएस वीजा आवेदन पिछले एक साल से पेंडिंग हैं। पहले बायोमेट्रिक और इंटरव्यू दो दिन के अंदर बैक-टू-बैक हो जाया करते थे, लेकिन अब इन दोनों के बीच 1 से 2 महीने का अंतर आ रहा है।

**एमपी के 5 हजार लोगों की एप्लिकेशन पेंडिग; यूएस जाने वालों में भोपाल से आगे इंदौरी**

कोविड के बाद से ही अमेरिका वीजा की प्रक्रिया धीमी हो गई है। अब टूरिस्टों को 24 महीने तक इंतजार करना पड़ रहा है। यह समस्या दोनों ही सेगमेंट बी1 और बी2 वीजा को लेकर बनी हुई है। इसके पीछे का मुख्य कारण अमेरिकी एम्बेसी द्वारा कोविड के दौरान स्टाफ की कटौती करना। और स्थिति सामान्य होने पर वापस स्टाफ को न बुलाना। लगातार बढ़ती डिमांड और प्रोसेसिंग में देरी से हजारों यात्री असमंजस में हैं।

### वीजा मिलने में इसलिए आ रही समस्या

एम्बेसी सूत्रों के मुताबिक, कोविड के बाद से ही वीजा को लेकर समस्या आ रही है। यह समस्या स्टाफ की कमी के कारण हुई है। कोविड के दौरान यूएसए की तरफ से स्टाफ कम किया गया था। जिस वजह से यह समस्या बनी है। वहीं अमेरिकी एम्बेसी के अधिकारियों ने वीजा की स्थिति में सुधार के पर कई कदम उठाए जाने की बात कही है। बताया जा रहा है कि वीजा देने के लिए लंबे इंतजार को ध्यान में रखकर अमेरिका और अधिक कर्मियों की भर्ती और ड्रॉप बॉक्स सुविधाओं को बढ़ाने समेत कई पहल कर रहा है।

### इंदौर-भोपाल से हर महीने 500 से अधिक एप्लिकेशन

ट्रैवल एजेंट्स के मुताबिक एमपी के 5 हजार से ज्यादा लोगों का यूएसए का वीजा 1 साल से ज्यादा समय से पेंडिंग है। इंदौर से हर महीने औसतन 300 यात्री और भोपाल से हर महीने 200 यात्री यूएस वीजा के लिए आवेदन करते हैं। बीते कुछ सालों से यूएस आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या इतनी हो गई है कि सबसे ज्यादा बी 1 और बी 2 वीजा के लिए परेशानी बढ़ गई है। यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। इसके अलावा स्टूडेंट या विजिटर वीजा, जिनके परिजन यूएस में रहते हैं, वह वीजा मिलने में पहले की ही तरह आसानी है। उन्हें कोई दिक्कत नहीं हो रही है।

# AEDP पाठ्यक्रमों में 6 से 12 महीने की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी, न्यूनतम 8,000 प्रतिमाह का स्टाइपेंड भी मिलेगा

इंदौर। माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, इन्दौर कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से शुरू हो रहे हैं रोजगारोन्मुखी श्र्ष्ठक्क पाठ्यक्रम में राज्य सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2025-26 से कोर्सेस की शुरुआत हो रही है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत युवाओं को कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है।

AEDP पाठ्यक्रमों की विशेषता यह है कि छात्राओं को स्नातक की पढ़ाई के अंतिम वर्ष में 6 से 12 महीने की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी, जिसमें उन्हें न्यूनतम ?8,000 प्रतिमाह का स्टाइपेंड भी मिलेगा। यह कोर्स छात्राओं को न केवल अकादमिक ज्ञान देगा, बल्कि उन्हें व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री से जुड़ाव का भी अवसर प्रदान करेगा।

माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, इन्दौर के प्राचार्य डॉ. अनूप कुमार जग्गी ने बताया कि AEDP के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी रुचि के क्षेत्र में अनुभव प्राप्त होगा और उन्हें स्नातक की डिग्री के साथ-साथ रोजगार की बेहतर संभावनाएं भी मिलेंगी। यह कोर्स युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# 5 दिन बंद रहेगा मांगलिया का सिंगापुर रेलवे अंडरपास

## 25 से ज्यादा टाउनशिप के रहवासियों को अब सात किमी घूमकर जाना पड़ेगा

इंदौर (नवीन मौर्य)। इंदौर के मांगलिया गांव रेलवे स्टेशन के पास सिंगापुर सिटी अंडरपास पर अतिरिक्त नए बाक्स डालने का कार्य चल रहा है। इसके चलते आज से अंडरपास को पांच दिन के लिए बंद रखा जाएगा। मांगलिया के इस अंडरपास के बंद होने से सिंगापुर टाउनशिप और इससे लगी 25 से अधिक टाउनशिप के 1 लाख से ज्यादा रहवासियों को अब 5 दिन परेशानी उठाना पड़ेगी।





इंदौर के मांगलिया गांव रेलवे स्टेशन के पास सिंगापुर सिटी अंडरपास पर अतिरिक्त नए बाक्स डालने का कार्य चल रहा है। इसके चलते आज से अंडरपास को पांच दिन के लिए बंद रखा जाएगा। मांगलिया के इस अंडरपास के बंद होने से सिंगापुर टाउनशिप और इससे लगी 25 से अधिक टाउनशिप के 1 लाख से ज्यादा रहवासियों को अब 5 दिन परेशानी उठाना पड़ेगी। अंडरपास के बंद होने से रहवासियों को सैटेलाइट कॉलोनी की ओर से 3 किमी तथा मांगलिया की ओर से 7 किमी लंबा घूमकर जाना पड़ेगा। वहीं इसके दोनों तरफ रेलवे क्रासिंग है, यहां पर अब जाम की स्थिति भी बनेगी। सिंगापुर टाउनशिप सहित 25 से ज्यादा कॉलोनी के लोग वर्षो से अंडरपास के कारण परेशान हैं। मांगलिया और तलावली चांदा के समीप बने चार मीटर चौड़े अंडरपास में हल्की बारिश होते ही पानी भर जाता है, जिससे दो-दो दिन तक रास्ता बंद रहता है। अब रेलवे यहां एक नया अंडरपास बना रहा है, जिसके निर्माण के चलते अब पांच दिन तक अंडरपास पूरी तरह से बंद रहेगा। ऐसे में रहवासियों को या तो तीन किमी दूर सैटेलाइट केलोद हाला होकर लसुडिया की ओर निकलना होगा या फिर सात किमी दूर मांगलिया होते हुए मुख्य रास्ते पर आना होगा।

लेकिन समस्या यह है कि यहां दोनों ओर रेलवे क्रासिंग है, जिससे चलते गेट काफी बंद रहते हैं, जिससे इस यहां जाम की स्थिति भी बनेगी। रहवासी राजेश कुमार ने बताया कि वर्षों से अंडरपास के कारण परेशान हो रहे हैं। बारिश में कई बार यह रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाता है। जिससे रहवासियों को आवाजाही में काफी दिक्कत होती है।

### अंडरपास संकरा होने से अभी भी आ रही परेशानी...

इस टाउनशिप के रहवासी लंबे समय से परेशान हैं। लोगों का कहना है कि यहां रेलवे पटरी मुख्य मार्ग के बीच होने के कारण उन्हें घूमकर दूसरे रास्ते से मुख्य मार्ग तक जाना होता है। वर्षो की मांग के बाद रेलवे द्वारा जो अंडरपास बनाया गया है वो काफी संकरा है। इस अंडरपास में बारिश के दौरान पानी भर जाता है और ट्रैफिक भी जाम होता है। वैकल्पिक मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे और कीचड़ रहता है। जहां दोपहिया वाहन चालकों को निकलने में काफी परेशानी होती है। इसी के चलते रहवासियों ने काफी समय पहले आंदोलन कर रेलवे ओवरब्रिज बनाने की मांग की थी। जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया, लेकिन प्रोजेक्ट आकार नहीं ले पाया।

### बारिश होते ही टूट जाता है एक दर्जन कालोनियों का संपर्क...

तलावली चांदा वार्ड क्रमांक 35 सिंगापुर टाउनशिप स्थित कॉलोनी में जाने के लिए अंडर ब्रिज बनाया गया है। लेकिन यहां पर बारिश के कारण 6 से 7 फीट पानी भर जाता है, जिस कारण ब्रिटिश पार्क, सिंगापुर ग्रीन व्यू, ज्ञानशीला, सुपर सिटी, सिंगापुर एनएक्स कॉलोनियों का शहर से संपर्क हर बार बारिश में टूट जाता है। रहवासियों का कहना है कि 6-7 साल से यह समस्या आ रही है। संबंधित अधिकारी और विधायक, सांसद, मंत्री सभी से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि अंडर ब्रिज में पानी भरने के बाद यहां से निकले का कोई दूसरा रास्ता नहीं है, ऐसे में या तो पटरी पार कर हम निकलें या फिर ऑफिस से अवकाश लें। बच्चों के स्कूल की तो छुट्टी करनी ही पड़ती है। यदि कोई बीमार हो गया तो उसे पटरी पर से पैदल ले जाना पड़ता है।

# पद से अलग कर रहे काम तो बतानी होगी वजह

इंदौर। प्रदेश में विभिन्न विभागों के पद के विरुद्ध काम करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों की जानकारी सरकार जुटा रही है। इसके लिए विभागों की ओर से जिला और संभागीय कार्यालयों से ब्यौरा देने के लिए कहा गया है।



**जिला और संभागीय विभाग अधिकारी बताएंगे, पद के अनुरूप कौन-कौन काम नहीं कर रहे**

इनसे कहा गया है कि कौन से अधिकारी, कर्मचारी किस विभाग में अपने पद के अनुरूप काम नहीं कर रहे हैं और कितने समय से काम कर रहे हैं। इसकी जानकारी देंगे। इसके साथ ही कर्मचारियों को पद के मुताबिक काम नहीं सौंपने की वजह भी बताने के लिए कहा गया है। शासन ने खासतौर पर तृतीय श्रेणी कैडर में आने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के बारे में यह जानकारी देने के लिए कहा है। जिला और संभाग के अफसरों को दिए निर्देश में जो जानकारी भेजना जरूरी है उसमें कार्यालय का नाम बताने के साथ उस दफ्तर के बारे में यह जानकारी देना होगा कि जानकारी संभाग, उपसंभाग, मंडल, अनुविभाग, जिला या विकासखंड किस स्तर के दफ्तर के बारे में दी जा रही है। इसके साथ ही ऐसे कर्मचारी का नाम और पद तथा पदस्थापना बताना होगा जो अपने पद के अनुरूप काम नहीं कर रहा है। विभाग के अधिकारी को यह जिम्मेदारी भी सौंपी गई है कि वह यह बताए कि जो कर्मचारी अधिकारी अपने पद के मुताबिक काम नहीं कर रहा है उसे वर्तमान मे कौन सा काम सौंपा गया है जो उसके द्वारा किया जा रहा है।

### अटैचमेंट खत्म करने की जा रही है व्यवस्था

विभागों में अटैचमेंट के जरिए मूल पद के विपरीत काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को लेकर अक्सर शिकायतें आती हैं।

ऐसे में अटैचमेंट खत्म कर कर्मचारियों और अधिकारियों से पद के अनुरूप काम कराने को लेकर सरकार जब तब निर्देश भी जारी करती है। इसी तारतम्य में अब विभागों ने यह जानकारी मांगना शुरू किया है। कुछ विभागों ने तो इसके लिए बाकायदा फार्मेट भी जारी कर उसी के आधार पर ब्यौरा भेजने के लिए कहा है।

# थाना प्रभारी र बघेल व खुफिया विभाग की मुस्तैदी से जिला निष्कासित आरोपी धराया




देपालपुर। इंदौर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल द्वारा जिले में फरार वारंटियों, ईनामी बदमाशों और जिला निष्कासित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष सघन अभियान के तहत देपालपुर पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है। अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को थाना देपालपुर पुलिस ने जिला निष्कासित आरोपी बाबूलाल चौहान को गिरफ्तार कर एक साहसिक व सतर्क कार्रवाई को अंजाम दिया। सूत्रों से मिली पक्की सूचना के अनुसार ग्राम आगरा निवासी बाबूलाल पिता जबरचंद चौहान (उम्र 54 वर्ष), जो कि 1 अप्रैल 2025 से जिला इंदौर सहित आसपास के उज्जैन, देवास, धार व खंडवा जिलों की सीमा से 6 माह के लिए निष्कासित था, आगरा चौराहे पर खुलेआम घूमते देखा गया। यह सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक रणजीतसिंह बघेल ने बिना समय गंवाए एक विशेष टीम गठित कर मौके पर रवाना किया।

इस कार्रवाई में खुफिया विभाग के आरक्षक राजपाल गुर्जर की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही, जिनकी सटीक जानकारी व नेटवर्किंग के चलते आरोपी को दबोचने में सफलता मिली। टीम ने मौके पर पहुंचते ही चारों ओर से घेराबंदी कर जिला निष्कासित आरोपी बाबूलाल चौहान को हिरासत में लिया। बाबूलाल चौहान पर राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 व 15 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है, क्योंकि उसने जिला दंडाधिकारी द्वारा पारित निष्कासन आदेश का स्पष्ट उल्लंघन किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रणजीतसिंह बघेल की सूझबूझ, तेज निर्णय क्षमता और नेतृत्व एक बार फिर सामने आया है। क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर उनकी कार्यशैली लगातार सराहना बटोर रही है।

वहीं राजपाल गुर्जर की खुफिया क्षमताएं भी इस सफलता की रीढ़ साबित हुईं। गिरफ्तारी टीम में देवकरण रावले, विजय सिंह तोमर, कल्याण सिंह और दामोदर जैसे जांबाज जवानों का योगदान भी उल्लेखनीय रहा, जिन्होंने पूरे समर्पण के साथ यह जोखिम भरा ऑपरेशन पूरा किया। इस कार्रवाई ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि इंदौर ग्रामीण पुलिस अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर पूरी ईमानदारी से अमल कर रही है। जनता की सुरक्षा और कानून का सम्मान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और थाना देपालपुर की यह कार्रवाई इसी प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है।

# 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे



इंदौर। केंद्र एवं राज्य सरकारो की मजदूर किसान विरोधी नीतियों के विरोध में केंद्रीय श्रम संगठनों और फेडरेशनों के आव्हान पर 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे, हड़ताल की तैयारी के लिए देवास में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को इंटक के दिलीप सिंह परमार,एटक के सचिव कामरेड रुद्रपाल यादव, सीटू के महासचिव कामरेड सी एल सारावत, एच एम एस के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिओम सूर्यवंशी, ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन के संयोजक एडवोकेट बाबूलाल नागर, पेंशनर संघ से गंगा सिंह सोलंकी ,ने संबोधित किया यूथ इंटक के महेश राजपूत ने संचालन किया। एडवोकेट बाबूलाल नागर ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकारो की मजदूर किसान विरोधी नीतियों के विरोध में 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल होने वाली थी लेकिन देश के संकट की घड़ी में हम देश के साथ हैं, केंद्रीय श्रम संगठनों ने तय है कि अब हड़ताल 9 जुलाई को होगी। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार श्रम विरोधी चार श्रम संहिता वापस ले, इस अवसर पर भागीरथ कच्छवाह, ओमप्रकाश बागड़े शबाना खान, मुन्नी खान, दिलीप परमार, सुरेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश, नागेश्वर, राधेश्याम, भागीरथ कच्छवाह,ने भी संबोधित किया। आभार महेश राजपूत ने माना।

## कार्टून कोना..........




## नाटक गोरखधंधा की समीक्षा

# गोरखधंधा देखना वाकई एक गोरख धंधा साबित हुआ

अभिनव कला समाज के हाल में नटराज रंग समूह के द्वारा मंचित नाटक गोरखधंधा देखने का सौभाग्य अपितु दुर्भाग्य प्राप्त हुआ ।ढ़ाई घन्टे के इस नाटक को देखना वाकई एक बहुत ही हिम्मत का काम था ।

नटराज रंग समूह पिछले करीब 1 वर्ष से लगातार नाटक करता आ रहा है ।

आधे अधूरे से लेकर लहरों के राजहंस इत्यादि नाटक उन्होंने मंचित किए हैं ।

मेरे द्वारा पहली बार उनका यह नाटक गोरखधंधा देखना वाकई एक गोरख धंधा साबित हुआ ।

मुझे लगा था कि गोरखधंधा नाटक एक परिपक्व प्रस्तुति होगी, परंतु प्रस्तुति बहुत ही सतही और लचर थी उसे ना तो शौकिया रंगकर्मियों की प्रस्तुति ही कहा जा सकता था ना ही पेशेवर रंगकर्मियों की ।

नाटक के लेखक जयवर्धन जी के बारे में तो ज्यादा जानकारी नहीं है, उन्होंने कितने नाटक लिखे इस बारे में भी कोई जानकारी नहीं है ।

इस नाटक के बारे यह कहा जा सकता है कि इसे कॉमेडी नाटक के स्वरूप में खेलने का प्रयास किया गया । कामेडी इतनी लाउड थी की पचाना मुश्किल हो गया था । बार-बार चीखना-चिल्लाना , और जोर-जोर से रोना और फिर संवाद बोलने की बजाय संवाद को दहाड़ने की स्थिति में बोलना और उसे दर्शकों के द्वारा सुनना और समझ पाना एक बहुत ही गंभीर मसला था ।

मंच की प्रकाश व्यवस्था इतनी उत्तम दर्जे की थी के फोटोग्राफ लेना एक दुष्कर कार्य था । कलाकारों पर सीधा पड़ने वाला प्रकाश इतना ज्यादा आरोपित हो रहा था की फोटोग्राफ ब्लर हो रहे थे ।

मेरे मित्र शहर के एक वरिष्ठ पत्रकार श्री अर्जुन राठौर ने भी कौशिश की लेकिन वे असफल रहे ।

कहानी का लब्बोलुआब यह था कि दिल्ली शहर में एक प्रॉपर्टी ब्रोकर का ऑफिस है जिसे सज्जन( आयुष शर्मा) नामक एक जालसाज युवा चलाता है ।

उसका एक अदद नौकर है गुल्लु( कबीर पटेल) कहिए छोटा भाई है जो बेहद ही मुंह फट और अपने ख्यालों में डूबा रहनेवाला व्यक्ति है, जो सज्जन को दुर्जन बनाने में कोई भी कसर नहीं रखता है । फिर बारी-बारी से अलग-अलग प्रकार के किरदार वहां कमरा किराये पर लेने के लिए आते हैं और जिन्हें बाकायदा कमरे किराये पर दिये भी जाते हैं । जिनमें जेएनयू का छात्र है , एक अविवाहित नौजवान लड़की

गीता (पायल पांचाल) है । एक धूर्त और लम्पट किशन कुमार है जो अपने किराये के कमरे में अवैधानिक गतिविधियां संपन्न करवाता है ।

एक बेहद सीधे सच्चे गावदी इन्सान गुप्ता जी (शैलेश वाणी) की हवेली है जिसमें कई कई कमरें है ।

एक नटवरलाल (अक्षय मिश्रा) (जो एमबीए का तथाकथित छात्र है) उर्फ नट्टू बहरुपिया भी है जो फिल्मों में काम करना चाहता है मगर नाटक में नकली पुलिसवाला भी बनता है, पंडित भी बनता है और गुप्ता जी को चूना लगाने वाला भी बनता है।

गुप्ता जी सज्जन को अपनी हवेली देखभाल और बागीचे के रखरखाव के लिए सोंपते है और वह उनकी हवेली को बतौर प्रापर्टी ब्रोकर किराये पर उठाने की साजिश रचता है । जाहिर है किराएदारों के रखने और निकालने के कारण हास्यास्पद स्थितियां बनती हैं और बिगड़ती हैं । परंतु आश्चर्य की बात तो यह है कि जहां पंच आते हैं वहां गलत टाइमिंग की वजह हास्य उत्पन्न नहीं होता परन्तु जब मंच पर कलाकार अतिरेक में बहुत लाउड हो जातें हैं तो दर्शक हंसते हैं।

गीता और सज्जन की प्रेम कहानी और उनका गाना, नाचना उबाऊ लगता है ।

गुल्लु का चीखना और रोना-धोना नाटक की गति को , प्रवाह को विलम्बित करता है।

पार्श्व संगीत सुश्री निश्रा मोर्या का था जो कभी सुनाई पड़ता है कभी गायब हो जाता है।

प्रकाश व्यवस्था एवं निर्देशन श्री अर्जुन नायक का है। प्रकाश व्यवस्था दृश्यविधान के अनुसार दोषपूर्ण थी ।

निर्देशन में और कुशलता की गुंजाइश है।

नाटक की लम्बाई बहुत अधिक है जिसमें संपादन की भरपूर संभावनाएं हैं ।

जहां तक कलाकारों के अभिनय का प्रश्न है सभी ने बहुत अतिरेकपूर्ण अभिनय किया है । उन्होंने न सिर्फ संवाद बोलकर ही अपने पात्र को पकड़ने की नाकाम कौशिश की है । अभिनय सपाट और भावनारहित ही कहा जा सकता है ।

कुल मिलाकर नाटक ÷गोरखधंधे÷की प्रस्तुति एक सामान्य प्रस्तुति ही कही जा सकती है । एक बात और इतनी बारिश के बावजूद भी अभिनव कला समाज के छोटे से हाल में दर्शकों की संख्या बहुतायत में ही कही जायेगी परन्तु इस प्रकार की अपरिपक्व प्रस्तुती से कहीं दर्शक स्वयं को नाटकों से दूर न कर लें इस पर भी विचार करना जरूरी हो जाता है ।

इति शुभम ।



नाट्य एवं फिल्म समीक्षक
चन्द्रशेखर बिरथरे पथिक
9300639109

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com